तापमान
अधिकतम 43.6 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 27 मई 2024

10 ममता के बयान पर भाजपाइयों का फूटा गुस्सा, फूंका पुतला

11 गोड़मर्रा में रात के अंधेरे में मुरम के दलाल कर रहे हैं अवैध खनन






## हर-हर महादेव की गूंज के साथ निकली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पाटन ब्लॉक के अमलेश्वर में अंतराष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले का समर्पण शिवमहापुराण कथा सोमवार को दोपहर 1 बजे से शुरू हो रही है। सात दिवसीय इस कथा के पूर्व रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। महादेव घाट से यह कलश यात्रा शुरू हुई जो विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंची।

**सीहोर वाले अंतराष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा का समर्पण शिवमहापुराण अमलेश्वर में आज से**



### गूंजा श्री शिवॉय नमस्तुभ्यं व हर-हर महादेव

कलश यात्रा के दौरान श्री शिवॉय नमस्तुभ्यं व हर-हर महादेव की गूंज रही। महिलाएं पीली साड़ी व पुरूष सफेद व भगवा रंग पहने इस कलश यात्रा में शामिल हुए। डीजे की धुन में श्रद्धालुओं ने जमकर थिरके। लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ से कथा स्थल शोभायानमान दिखाई दिया।

### भीषण गर्मी भी नहीं डिगा पाई शिवभक्तों को

रविवार को सीजन की सबसे बड़ी गर्मी थी और लू के थपेड़े चल रहे थे। उसके बावजूद भी शिवभक्तों को नहीं डिगा पाई। पहले ही दिन अमलेश्वर सहित आसपास के ग्रामीण कलश यात्रा में शामिल होने के लिए पहुंचे। इधर पंडाल में पहले ही हजारों श्रद्धालु कथा सुनने के लिए पहुंच चुके हैं। दूरदराज क्षेत्रों से आए ये भक्तगण रात में भजन-कीर्तन कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### रॉड खरीदी के नाम पर धोखाधड़ी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** रॉड खरीदने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि ग्राम सेलूद मानिकचौरी रोड निवासी प्रदीप कुमार ठाकुर खेती किसानी का काम करता है। 25 मई को घरेलू काम से उरला चरोदा गया था। घर में उसके माता पिता थे। अज्ञात व्यक्ति घर आया और उसके पिता को रॉड खरीदने का झांसा देकर पाटन रोड ढ़ौर चौक के पास ले गया। पीड़ित के पिता को वहीं छोड़कर अपने बाइक से घर आ गया। अज्ञात आरोपी ने मां से उसके पति ने रॉड खरीदने के लिए पैसा मंगाया है। कहकर अज्ञात ने घर से 28 हजार रुपए लेकर फरार हो गया। कंशराम ठाकुर घर पहुंचा तो उसे पता चला कि अज्ञात ने उनके साथ ठगी कर दिया।

### आवागमन में बाधा डाल रहे ठेलों को हटाया

**भिलाई।** भिलाई निगम ने संडे के दिन सड़क किनारे ठेले, गुमटी और अवैध पार्किंग करने वालों पर कार्रवाई की। सभी चौक-चौराहों को व्यवस्थित करने के लिए निगम यह अभियान आगे भी जारी रखेगा। इस कार्रवाई के बाद ऐसे लोगों में हड़कंप की स्थिति है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के आदेशानुसार अपर आयुक्त के निर्देशन में जोन आयुक्त जोन 1 की मौजूदगी में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। राजस्व विभाग, स्वास्थ विभाग सयुक्त दल एवं बेदखली दस्ता द्वारा सूर्या मॉल चौक के समीप आवागमन बाधित अवैध रूप संचालित ठेले, अवैध पार्किंग पर बेदखली कार्रवाई की। इस कार्रवाई में जोन कमिश्नर रवि सिन्हा तोड़फोड़ प्रभारी बालकृष्ण नायडू, जोन के राजस्व अधिकारी धीरज साहू अपने दल के साथ उपस्थित रहे।. यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा। सभी मार्केट चौक-चौराहा पर किए।

### आरटीई में फर्जीवाड़ा : दस्तावेज जांच में ऐसी लापरवाही से वास्तविक गरीब बच्चों को नहीं मिल पते बड़े स्कूल

# आधार कार्ड व पते फर्जी, फिर भी तीन स्कूल आवंटित

देवीलाल साहू ⏭भिलाई

**हरिभूमि खुलासा**

गरीब बच्चों के लिए निजी स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा का अधिकार है लेकिन उनका हक किस तरह मारा जा रहा है इन उदारहणों से समझ लीजिए। एक बच्चे ने आरटीई पोर्टल के जरिए 9 आवेदन किए। इसके लिए आधार कार्ड फर्जी बनवाया। शिक्षा विभाग के नोडल अधिकारियों ने अपने आईडी से पोर्टल में आए आवेदनों व दस्तावेजों की बकायदा जांच की। इसे एप्रूव किया। लाटरी सिस्टम से आबंटन निकला तो ऐसे बच्चों का चार जगह के नामी स्कूल आबंटित भी कर दिए। आरटीई के तहत दाखिले के लिए हाल ही में पहले चरण की लाटरी में इस तरह का घाल-मेल उजागर हुआ है।



### क्या कहता है नियम

आरटीई के नियम के हिसाब से एक बच्चे को एक ही आवेदन आरटीई पोर्टल के माध्यम से जमा करना है। जिस स्थान पर बच्चे व उनके माता-पिता रहते हैं उसके एक किलोमीटर के दायरे में जितने भी निजी स्कूल हैं वहां का नाम दर्ज कर सकता है। पता एक ही जगह रहने का ही सत्यापित होता है न कि कई जगह का।

### पिछले साल किए थे तीन बच्चों का प्रवेश निरस्त

आरटीई में पारदर्शिता लाने के लिए ही राज्य ने आरटीई पोर्टल के माध्यम से आवेदन और लाटरी सिस्टम से दाखिला शुरू किया। उसके बाद भी हर साल गलत तरीके से बच्चों का दाखिला निजी स्कूलों में हो रहे हैं। पिछले साल यानी वर्ष 2023 में भी हरिभूमि ने आरटीई फर्जीवाड़ा की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिला शिक्षा विभाग ने जांच में यह सही पाया और भिलाई डीपीएस में तीन बच्चों का दाखिला निरस्त किया था।

### जिले में सीटों की स्थिति

| | |
|---|---|
| कुल आवेदन | -13056 |
| कुल स्कूल | -528 |
| कुल सीटें | -4293 |
| कुल चयनित | -3462 |
| कुल निरस्त | -3510 |
| आबंटित नहीं | -2817 |

### इन उदाहरणों से समझिए फर्जीवाड़ा का खेल

**1**

#### एक बच्चे का आठ स्कूलों में आवेदन

एक बच्चे का आवेदन क्रमांक आरटीई 202400628300 है। इसी बच्चे का दूसरा आवेदन क्रमांक आरटीई 202400671556 है। तीसरा आवेदन क्रमांक आरटीई 202400671571 है। चौथा आवेदन क्रमाक आरटीई 202400671582 है। पांचवा आवेदन क्रमांक आरटीई 202400671605 है। छठवां आवेदन क्रमांक आरटीई 202400671613 है। सातवां आवेदन क्रमांक आरटीई 202400671620 है। आठवां आवेदन क्रमांक आरटीई 202400671628 है। ये सभी 8 आवेदन एक ही बच्चे का है। उनके पिता और मां का नाम भी एक ही दर्ज है। जन्म तिथि भी एक ही उल्लेखित है।

#### इस तरह फर्जी आधार कार्ड

इस बच्चे के आठों आवेदन के लिए चार अलग-अलग आधार कार्ड प्रस्तुत किए गए हैं। इसलिए कि सभी आधार कार्ड में पालक का पता अलग-अलग दर्ज है। मसलन एक आधार कार्ड में लक्ष्मीनगर का पता है। दूसरे में जुनवानी, तीसरे में कोहका पुरानी बस्ती और चौथे में सेक्टर 6 पूर्व उल्लेखित है। राशनकार्ड में लक्ष्मीनगर दर्ज है।

#### एक बच्चे को दे दिया तीन नामी स्कूल

बीपीएल वर्ग के बच्चों के साथ कैसा मजाक हो रहा है इसे भी समझिए। एक वास्तविक हकदार बच्चे को लाटरी के नाम पर पात्र होने के बाद भी एक स्कूल तक नहीं मिल पाया है। वहीं दूसरी तरफ उक्त आवेदन पर इस एक बच्चे को तीन नामी स्कूलों का आबंटन कर दिया गया है। आवेदन क्रमांक आरटीई 202400628300 के आधार पर एमजे स्कूल कोहका आबंटित किया गया है। आवेदन क्रमांक आरटीई 202400671556 को डीएवी इस्पात स्कूल सेक्टर 2 और आवेदन क्रमांक आरटीई 20240067613 को डीपीएस जुनवानी मिला है।

**2**

#### एक बच्चे का नौ स्कूलों में आवेदन

आरटीई पोर्टल में रविदास नगर के एक बच्चे का 9 आवेदन आरटीई पोर्टल में मान्य किया गया है। पहला आवेदन क्रमांक 202400669753 है। इसी बच्चे का दूसरा आवेदन क्रमांक 202400669800 है। तीसरा आवेदन क्रमांक 202400669881 , चौथा आवेदन क्रमांक 202400669951, पांचवा आवेदन क्रमांक 202400670025, छठवां आवेदन क्रमांक 202400670095, सातवां आवेदन क्रमांक 202400670211, आठंवा आवेदन क्रमांक 202400685752 और नवमां आवेदन क्रमांक 202400619956 है। सात नोडलों में इसने ये आवेदन जमा किए हैं।

#### आधार कार्ड इस तरह फर्जी

इस बच्चे का आधार कार्ड इसलिए फर्जी है कि उनके पते अलग-अलग हैं। छह स्थानों का पता दर्ज है। मसलन इस बच्चे का पहला पता लक्ष्मीनगर, दूसरा पता जुनवानी, तीसरा पता खम्हरिया, चौथा पता राधिकानगर, पांचवा पता सेक्टर 6 मध्य और छठवां पता हाउसिंग बोर्ड उल्लेखित हुआ है। राशनकार्ड में उनके परिवार के सदस्यों के साथ पता रविदास नगर दर्ज है।

#### इन तीन नामी स्कूलों का आबंटन

आरटीई पोर्टल में इस एक ही बच्चे का तीन नामी स्कूलों को दाखिले के लिए आबंटित किया गया है। आरटीई आवेदन क्रमांक 202400670095 को डीपीएस स्कूल जुनवानी आबंटित हुआ है। आरटीई आवेदन क्रमांक 2024006670025 को केपीएस नेहरूनगर और आवेदन क्रमांक 202400670211 को एमजे स्कूल कोहका दिया गया है। जबकि इस बच्चे के निवास स्थान के हिसाब से रविदास नगर के आसपास क्षेत्रों के निजी स्कूलों को आबंटित किया जाना चाहिए था।

### नोटिस जारी करेंगे

एक बच्चे का कई जगह आवेदन को सत्यापित करना नोडल अधिकारियों की लापरवाही उजागर करता है। एक बच्चे का एक ही स्कूल आबंटित किया जाता है लेकिन एक से अधिक स्कूल आबंटित होना गलत है। मैं संबंधित नोडल अधिकारियों को नोटिस जारी करूंगा।



-अरविंद मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग

## मंत्री हत्याकांड: हिस्ट्रीशीटर और उसका भतीजा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पार्किंग ठेकेदार मंत्री उर्प श्रीराम यादव हत्याकांड का मास्टर माइंड पूर्व पार्षद और हिस्ट्रीशीटर अजय दुबे और अमिताभ दुबे को गिरफ्तार किया गया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि पचरीपारा दुर्ग निवासी मंत्री उर्प श्रीराम यादव हत्याकांड में फरार चल रहे अजय दुबे और अमिताभ दुबे को पकड़ने के लिए पुलिस ने टीम बनाई गई। जिसमें कोतवाली दुर्ग टीआई महेश ध्रुव और एसीसीयू प्रभारी कपिल देव पाण्डेय की टीम को लगाया गया। सूचना पर पुलिस ने कोंडागाव रवाना हुई, जहां हिस्ट्रीशीटर अजय दुबे औक अमिताभ दुबे दोनों छिपे हुए थे। दोनों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में बताया कि पर्किंग ठेकेदार से पुरानी रंजिश थी इस कारण उसे रास्ते से हटा दिया। पूर्व में हिस्ट्रीशीटर अजय दुबे को मंत्री यादव समेत उसके दोस्तों ने जमकर पिटाई की थी। उसके बाद से दोनों के बीच दुश्मनी हो गई थी। तब से आरोपी अजय दुबे मंत्री को रास्ते से हटाने प्लान तैयार करता रहा। हत्या के बाद फरार होने वाले सभी आरोपी अपना मोबाइल फोन को बंद कर रख दिया था। अजय दुबे के खिलाफ दुर्ग कोतवाली में 6 अपराध दर्ज है। पुलिस को आरोपी वंश राजपूत ने बताया है कि अजय दुबे से हुई मारपीट का बदला लेने के लिए ये हत्या की गई है। अब तक इस हत्या कांड में पांच आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज चुकी है।

■ कोतवाली दुर्ग और एसीसीयू की टीम ने पकड़ा



### पांच दिन पहले हुई थी हत्या

21 मई मंगलवार की रात मंत्री उर्फ श्रीराम यादव शराब लेने के लिए भट्ठी गया हुआ था। वापस घर लौटते समय आरोपी अक्षत दुबे उर्फ मान्य, शुभम शर्मा, वंश राजपुत. अमिताभ दुर्ब उर्प चंदु ने घेरकर गले में धारदार हथियार से वार कर मौके से फरार हो गए थे। उसके बाद आसपास के लोगों ने मंत्री को उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया। जहां उपचार के बाद णंत्री ने दम तोड़ दिया। मंत्री पचरी पारा दुर्ग निवासी है। पार्किंग का ठेकादार था। आरोपी अजय द्रुबे और मंत्री का पुरानी रंजिश काफी पहले से चल रहा था।

### आदिवासियों को दी श्रद्धांजलि

**भिलाई।** हाल ही में घटित कबीरधाम जिला क्षेत्र अंतर्गत पंडरिया ब्लाक के पानी ग्राम के पास जंगल में तेंदूपत्ता संग्रहण कर घर लौट रहे बैगा आदिवासी समाज के 19 मजदूरों का दर्दनाक मौत पिकअप वाहन का खाई में गिरने से हो गया। भाजपा चरोदा मंडल के युवा मोर्चा अध्यक्ष समीर अग्रवाल एवं भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष सुश्री गीता वर्मा के संयुक्त नेतृत्व में शांति कैंडल मार्च निकालकर बाजार चौक भिलाई-3 का भ्रमण किये। बाजार चौक के शहीद स्मारक कैंडल अर्पित कर समापन किए तथा शोकसभा आयोजित किया गया। भाजपा जिला भिलाई के महामंत्री प्रेम लाल साहू उपस्थित थे।

## महिला थाने के सात काउंसलरों को हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

महिला थाने में पारिवारिक मामलों की काउंसिलिंग करने वाले 7 काउंसलरों को महिलाओं से बेहतर व्यवहार नहीं करने और पक्षपात करने की शिकायत मिलने पर एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने कार्रवाई करते हुए हटाने के आदेश जारी किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर 6 स्थित महिला थाना में पहुंचने वाले पारिवारिक मामलों की काउंसलिंग के लिए काउंसलरों की नियुक्ति की गई है। जहां पारिवारिक मामलों को परामर्श के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया जाता है। लेकिन एसपी जितेन्द्र शुक्ला के पास लगातार महिला थाने में काउंसलरों द्वारा किए जाने वाले दुर्व्यवहार की शिकायत मिल रही थी।

एसपी ने विभा सिंह, संगीता सिंह, गौरी चक्रवर्ती को दुर्व्यवहार और पक्षपात की शिकायत के कारण हटाया गया है। वहीं सरिता सिंह, अनीस सुल्ताना, मीना सुशील और प्रभा गुप्ता को लगातार अनुपस्थिति के चलते हटाया गया है। गौरतलब हो कि महिला थाने में पूर्व में थाने के स्टाफ की तैनाती 18 पुलिसकमर्यिों की थी। जिसमें से दो को हाल ही में सस्पेंड किया गया है। दो मैटरनिटी और अन्य अवकाश पर है। दो नाइट ड्यूटी करते है। शेष 12 जनरल शिफ्ट वाले है। वहीं थाने में काउंसलरों की संख्या 18 थी।

■ एसपी की कार्रवाई

### खाद-बीज का 50 फीसदी भंडारण, निगम में बीज का बना टोटा

# खेती-किसानी:सोयाबीन और दलहन का एक दाना नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मौसम विभाग द्वारा इस बार जून माह में ही मानसून के दस्तक दिए जाने की संभावना जताई गई है। जिसके चलते किसान खेती कार्य में जूट गए है। लेकिन सोसायटियों में अब तक खाद और बीज का पर्याप्त भंडारण नही होने के चलते किसानों को आगामी दिनों बोआई कार्य से पिछडने की चिंता सताने लगी है, वहीं वास्तविक समय में किसानों को खुले बाजार से महंगे दाम पर खाद और बीज खरीदने मजबूर होना पड सकता है। मौसम विभाग द्वारा मानूसन की जानकारी दिए जाने के बाद किसान एलर्ट हो गए है। किसान इन दिनों खेती कार्य में जूट गए है। जिस किसानों के पास ट्रैक्टर की सुविधा है, वे जुताई में जूट गए है। किसानों का कहना है कि, पहली बारिश होने के बाद वे बोआई कर देगें। लेकिन सोसायटियों में टारगेट के मुकाबले अब तक भंडारण नही होने से खेती किसानी प्रभावित हो सकती है। भले ही किसान खेती किसानी के लिए एलर्ट हो गए है। लेकिन मार्कफेड द्वारा सोसायटियों में टारगेट के मुकाबले खाद उपलब्ध नही कराया गया है, यही हाल बीज निगम का भी जहां सिर्फ 54 फीसदी बीज सोसायटियों में भेजा गया है।

**जल्दी आएगा मानसून, किसान एलर्ट, लेकिन प्रशासन सुस्त**

### पिछले साल 132 फीसदी वितरण

जानकारी अनुसार पिछले खरीफ यानि वर्ष 2023 में किसानों को इसी अवधि में 132 फीसदी खाद का वितरण कर दिया गया था। लेकिन इस बार वितरण सिर्फ 35 फीसदी किया गया है। वही बात करे भंडारण की तो खाद का भंडारण 48 फीसदी हुआ है। जबकि वितरण 35 किया गया है। इसी तरह बीज का सोसायटियों में भंडारण 54.81 फीसदी और वितरण 30.84 फीसदी किया गया है। इससे स्पष्ट है कि, इस बार भंडारण कम होने के कारण वितरण का भी ग्राफ गिर गया है।



### खाद भंडारण की स्थिति

| किस्म | टारगेट | भंडारण | वितरण |
|---|---|---|---|
| यूरिया | 26600 | 12748 | 4438 |
| सुपर फास्फेट | 10100 | 4989 | 1690 |
| डीएपी | 16700 | 7661 | 3043 |
| एनपीके | 29880 | 13959 | 4774 |

### निगम में सोयाबीन, अरहर का बीज नहीं

हर साल की तरह इस बार भी किसानों को सोयाबीन बीज के लिए परेशान होना पडेगा। निगम द्वारा टारगेट 1400 टन का रखा गया है, लेकिन उपलब्धता 36 टन है। इसे सोसायटियों में भेजा भी नही किया गया हैं। इसी तरह धान सामान्य का टारगेट 34 हजार टन है, वही उपलब्धता 27616 टन है, इसमें 11127 टन वितरित हो गया है। इसी तरह धान हाइब्रिड 700 टन है, उपलब्धता 155 टन ही हो पाया है। वही रागी, कोदा और मक्का का एक दाना नही है। अरहर भी नही है। उडद तीस टन के टारगेट में सिर्फ 2.40 टन उपलब्ध है। मूंग भी बीज निगम में नही हैं।

### सोसायटी से ज्यादा निजी दुकान में यूरिया

दिए गए आंकडे के अनुसार यूरिया का सोसायटी में अब तक 2644 टन भंडारण किया गया हैं। जबकि निजी दुकानों में 2644 टन यूरिया भेजा गया है। हांलाकि डबल लाक यानि मार्कफेड के गोदाम में 7152 टन यूरिया की उपलब्धता बताई गई है। उल्लेखनीय है कि, सोसायटियों के आलावा जिले में निजी दुकानों को भी खाद का भंडारण जारी किया जाता है। जिले में निजी दुकानों को 10640 टन खाद उपलब्ध कराने का टारगेट रखा गया है।

### 4 जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतगणना 04 जून 2024 को संपन्न होगी। आयोग के निर्देशानुसार उक्त तिथि को मतगणना स्थल पर मतगणना कार्य पूर्वान्ह 8 बजे से प्रारंभ होगी।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप



### सत्य सांई सेवा समिति ने मरीजों को बांटे बिस्कुट

दुर्ग । श्री सत्य साई सेवा समिति धार्मिक कार्यों के अलावा सेवाभावी कार्यों में भी अग्रणी है। समिति के सदस्यों ने रविवार को जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों की स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। समिति के सदस्य अस्पताल के सभी वार्डों में पहुंचे। इस दौरान उन्होने मरीजों को प्रसाद स्वरुप बिस्कुट व ब्रेड का भी वितरण किया। इस सेवाभावी कार्य में समिति के वरिष्ठ सदस्य आरके तिवारी, हरिशचंद्र ठाकुर, जीवनदीप समिति आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, संजय गनवीर, केआर मुदलियार, सुंदर बंसल, संतोष सिंह, प्रदीप शर्मा के अलावा अन्य सदस्यों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

### जनजागरण दुर्गोत्सव समिति की हुई बैठक

दुर्ग । जन जागरण दुर्गोत्सव समिति की शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर बैठक आशीर्वाद भवन विराट नगर बोरसी दुर्ग में हुई। जिसमें वर्ष 2024 हेतु कार्यकारिणी का पुनर्गठन एवं नवरात्र पर्व पर होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। जन जागरण दुर्गोत्सव समिति अपना 4 था वर्ष मनाने जा रही है। इसी कड़ी में जन जागरण दुर्गोत्सव समिति विभिन्न आयोजनों पर चर्चा की। समिति के सदस्यों की सहमति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जनजागरण दुर्गोत्सव समिति बोरसी कॉलोनी के पुनर्गठन में संरक्षक मंडल में अनुज राम साहू, एडी टंडन, डॉकृष्ण कुमार पाटिल, पोषण लाल साहू, पन्ना लाल साहू, अध्यक्ष किशोर शर्मा, उपाध्यक्षए खिलू राम साहू, विजय यादव, उपाध्यक्ष महिला श्रीमती हेमलता साहू, सचिव महाबीर साहू, सहसचिव संजय अष्टकर, संगठन सचिव शशि कुमार साहू, कोषाध्यक्ष राकेश साहू, सहकोषाध्यक्ष खिलेश साहू, सांस्कृतिक मंडल, खिलावन निषाद, डीआर सिन्हा आदि मनोनीत किए गए।

### पंकज को योग में स्वर्ण विधायक ने दी बधाई

दुर्ग। प्रथम अंतर राष्ट्रीय योगासन चैम्पियनशिप काठमांडू में हुई। जहां छत्तीसगढ़ के पंकज यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता। योग के क्षेत्र में पदक लाने पर विधायक गजेंद्र यादव ने पंकज से निवास कार्यालय में मुलाकात कर इस उपलब्धि के लिए मुंह मीठा कराकर बधाई दी। तितुरडीह कैलाशनगर निवासी पंकज रतनचंद सुराना कॉलेज में योग शिक्षक है।

### अब तक मिले 859 डाक मतपत्र

दुर्ग। लोकसभा निर्वाचन 2024 में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग के अंतर्गत सैन्य एवं केन्द्रिय सशस्त्र सेवाओं में तैनात सेवा मतदाताओं से ईटीपीबीएस के माध्यम से डाक मतपत्र मुख्य 24 मई तक 838 डाक मतपत्र प्राप्त हुये थे। 25 मई को 21 डाक मतपत्र प्राप्त हुये है। अब तक कुल 859 डाक मतपत्र प्राप्त हुए है। अब मतदाताओं से प्राप्त ईटीपीबीएस के माध्यम से डाक मतपत्र मतगणना 4 जून को सुबह 7.59 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे।

# आज और कल जिले में हीटवेव चलने की संभावना, सड़कों में सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

बेमौसम बारिश के दौर के बीच अब गर्मी की तपीश देखने को मिल सकती है। शनिवार से शुरू हुए नौतपा के पहले दिन भले ही अधिक तेज धूप नहीं दिखी, लेकिन आने वाले 4 से 5 दिन में तापमान अपना कहर दिखा सकता है। मौसम विभाग की माने तो 27 और 28 मई को अंचल सहित मध्य छत्तीसगढ़ में हीटवेव के हालत निर्मित हो रहे हैं। वहीं शनिवार को अचंल का अधिकतम पारा 42.6 डिग्री पर रहा, जो कि सामान्य से लगभग पौने 4 डिग्री अधिक है।

उल्लेखनीय है कि, वर्तमान में जिले का तापमान 42 डिग्री के पार हो चुका है। गर्मी बढ़ने के साथ ही दोपहर के बाद सड़के सूनी होने लगी है। लोग दोपहर को घरों से निकलने से परहेज कर रहे हैं, वहीं इधर जिला अस्पताल में डिहाइड्रेशन के मरीज लगातार पहुंच रहे हैं। डॉक्टर ने बताया कि शरीर में पानी की कमी होने से संबंधित मरीज सामने आ रहे हैं। ऐसे में लोगों को धूप से बचने की सलाह दी जा रही है, वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाइजरी भी जारी की गई है। सीएमओ जेपी मेश्राम ने बताया कि, गांव-गांव में गर्मी और लू से बचने के लिए मेडिकल यूनिट की जरिए दवाएं भेजी जा रही है।

## चढ़ेगा पारा, 27-28 मई को हीटवेव का अलर्ट, ऐहतियात बरतने की चेतावनी

### तय समय पर आएगा मानसून

दक्षिण पश्चिम मानसून आगे बढ़ते हुए दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग, दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के बचे हिस्से, मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग और उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग तक शनिवार को पहुंच चुका है। दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। एक गहरा अवदाब पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है तथा यह उत्तर दिशा की ओर 11 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ रहा है। यह खेपूपारा (बांग्लादेश) से 420 किलोमीटर दूर दक्षिण में, सागर द्वीप से 420 किलोमीटर दूर दक्षिण दक्षिण पूर्व एवं में स्थित है। इसके लगातार उत्तर दिशा की ओर आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होकर चक्रवात के रूप में पूर्व मध्य और उससे लगे उत्तर बंगाल की खाड़ी के ऊपर 25 मई के शाम को पहुंचने के बाद लगातार उत्तर दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है। इसके और अधिक प्रबल होकर एक प्रबल चक्रवात के रूप में बांग्लादेश और सागरदीप के पास 26 मई को पहुंचने की संभावना है।



### इस कारण से बदल रहा मौसम

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक द्रोणिका दक्षिण पूर्व राजस्थान से तेलंगाना तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण विदर्भ और उसके आसपास 15 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में 26 मई को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। 27 और 28 मई को इस सीजन का चरम अधिकतम तापमान रहने की संभावना है। जिसके कारण प्रदेश के एक-दो पैकेट में ग्रीष्म लहर चलने की संभावना बन रही है।

## अब आधार कार्ड की तरह जमीन के हर प्लाट का होगा यूनिक नंबर

# जमीन के छोटे-छोटे टुकड़ों को खोजना होगा आसान, मिलेंगे यूनिक नंबर


हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

राजस्व रिकार्ड में जमीन के इतने टुकड़े हो गए हैं कि, इसका बटांकन करना संभव नहीं है। रजिस्ट्री के पूर्व नकल लेने के दौरान पटवारी भी यह लिखकर दे रहे हैं कि, खसरो का कई टुकड़ा होने के कारण इसका बटन कान संभव नहीं है। यही कारण है कि अब जमीन के छोटे टुकड़ों की पहचान करने के लिए राज्य शासन द्वारा आधार नंबर की तरह प्रत्येक प्लांट को यूनिक नंबर दिया जाएगा। जिसे दर्ज करते ही पूरा बुरा सामने होगा।

फर्जीवाड़े पर प्रभावी रोक का दावा छोटे-बड़े जमीन के प्लाट का जियो रिफ्रेशिग के जरिये खसरा व बटांकन दर्ज होगा। अब हर जमीन का अपना पहचान नंबर दिखेगा। इसे यूनिक नंबर से प्लॉट की पहचान होगी। राज्य सरकार ने हर खसरा को यूनिक आधार देने का निर्णय लिया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने इसके लिए व्यापक कार्ययोजना बनाई है। कम्प्यूटर पर इस नंबर को डालते ही इस प्लॉट से संबंधित सारी जानकारी सामने आ जाएगी।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अनुसार इस यूनिक नंबर में खाता नंबर, थाना व मौजा का नाम, अंचल व जिला के नाम के साथ उसके स्वामित्य की जानकारी सार्वजनिक हो जाएगी। यही नहीं यदि उस प्लॉट पर यदि कोई विवाद का मुकदमा है तो उसको भी जानकारी एक क्लिक करते मिल जाएगी। कुल मिलाकर हर जमीन का आधार कार्ड की तरह एक नंबर होगा। राज्य के साथ ही राजनांदगांव में खास तौर पर जमीन की बड़ी गड़बड़ियां है। खसरा और बटांकन में हेरफेर के कारण जमीनों की धोखाधड़ी की सैकड़ों शिकायतें भी हैं। ऐसी गड़बड़ियों को दूर करने के उद्देश्य से जियो फ्रिशिंग के जरिये खसरा और बटांकन किया जाएगा। इसका सत्यापन करने के बाद सिस्टम से संबंधित प्लॉट का नंबर जनरेट होगा। इस तरह खसरा नंबर में हेरफेर कर जमीन की खरीदी-बिक्री नहीं की जा सकेगी।

## जमीनों की धोखाधड़ी के मामलों में कमी आएगी, कवायद शुरू



### दर्ज होगी जियो रिप्रेफशिंग से खसरा बटांकन

दरअसल, जमीन-जायदाद के बाद-विवाद, भूमि अधिग्रहण, सीमांकन, बटांकन सहित भूमि सर्वेक्षण के अन्य मामलों के लिए लाइट डिटेक्शन एंड रेजिंग (लिडार) तकनीक लागू की जा रही है। तकनीकी एजेंसी की मदद से शहर व गांव में हर छोटे-बड़े जमीन के प्लॉट का जियो रिफ्रेशिंग के जरिये खसरा बटांकन दर्ज किया जाएगा। इस नंबर के जरिये सारी जानकारी हासिल की जा सकेगी। इससे जमीन की धोखाधड़ी के मामलों में कमी आएगी। केंद्र सरकार के डिजिटल इंडिया रिकार्ड माडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआइएलआरएमपी) के अंतर्गत राज्य सरकार को सर्वेक्षण के लिए 300 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति भी मिली है। साथ हो राज्य सरकार ने इस प्रोजेक्ट के लिए बजट में 50 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।

### जमीनों की मिलेगी सटीक जानकारी

सिर्फ सर्वेक्षण में मदद मिलेगी बल्कि आम आदमी के लिए यह बहुआयामी होगा। जिसमें आम आदमी अपनी जमीन के विशेष पहचान नंबर के जरिये लबा ई चौडाई और कुल क्षेत्र फल की सटीक जानकारी प्राप्त करेगा। मकान, भवन असपास पेड़ों की संख्या उगाई की भी जानकारी इससे प्राप्त हो सकेगा। यह आधुनिक तकनीक रिमोट सेंसिग से आधार पर कार्य करेगा। सरकार के भू-अभिलेख विभाग के मुताबिक प्रदेशभर में इस तकनीक को चालू करने के पहले हाइटेक मशीनों के जरिये ड्रोन सर्वे किया जाएगा। इसके बाद सा फ्टवेयर में जानकारी दर्ज की जाएगी।

### लिडार सिस्टम से मिलेगी राहत

राज्य शासन द्वारा जल्द ही लीडर सिस्टम लागू किए जाने की तैयारी की जा रही है। लिडार उपकरणों में लेजर, स्कैनर और एक जीपीएस रिसीवर होता है। किसी बड़े क्षेत्र के आंकड़े प्राप्त करने के लिए विमान, ड्रोन, हेलीकाप्टर का उपयोग किया जाता है। इस तकनीक में पृथ्वी की सतह पर लेजर प्रकाश डाला जाता है और प्रकाश के वापस लौटने के समय की गणना से वस्तु की दूरी, ऊंचाई, लंबाई, चौड़ाई सहित अन्य गणनाओं त्रि-आयामी (थ्रीडी) मानचित्र तैयार किया जाता है। अधिकारियों के मुताबिक देखा जाए तो वर्तमान में किसी भी राज्य में पूरी तरह जमीनों का सर्वेक्षण लिडार तकनीक से नहीं किया गया है। छत्तीसगढ़ में भी यह प्रोजेक्ट अभी शुरू नहीं हो पाया है, लेकिन प्रशासकीय स्वीकृति के बाद शीघ्र ही प्रोजेक्ट शुरू होने की उम्मीद है। अधिकारियों के मुताबिक प्रदेशभर में भूमि के सर्वेक्षण करने में कम से कम तीन वर्ष का समय लगेगा।

# ममता के बयान पर भाजपाइयों का फूटा गुस्सा, फूंका पुतला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

ओबीसी वर्ग को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के द्वारा नहीं मानेंगे कहे जाने के विरोध स्वरूप भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. लक्ष्मण के आव्हान पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष रूप सिंह सिन्हा के नेतृत्व में दुर्ग के पटेल चौक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया।

■ पटेल चौक में पुतला फूंकने के बाद लगाए जमकर नारे

इस दौरान प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा उपाध्यक्ष दिलीप साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी खिलावन साहू, जिला मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री संतोष मार्कण्डेय, प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओबीसी मोर्चा पंचराम साहू, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री अनिल साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा ममता बनर्जी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए पुतला दहन किया गया और ममता बनर्जी की तुष्टिकरण की राजनीति की कड़ी निंदा की। इस दौरान अजय तिवारी, मदन वाढई, विजय ताम्रकार, रजनीश श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह राजपूत, गणेश राम निर्मलकर, मलखान सिंह लोधी, रामकुमार साहू, दिव्या कलिहारी, छन्नू यादव, टीकम साहू, राहुल सोनकर आदि मौजूद रहे।

### चुनाव में सबक सिखाएगी जनता

पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी खिलावन साहू ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का बयान देश की न्याय व्यवस्था का माखौल उड़ा रहा है। सत्ता के अहंकार में चूर बनर्जी और पूरे इंडी गठबंधन को पश्चिम बंगाल सहित देश की जनता लोकसभा चुनाव में करारा सबक सिखाने जा रही है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष रूप सिंग सिन्हा ने कहा कि संविधान में साफ लिखा कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा लेकिन ममता बनर्जी तुष्टीकरण के एजेंडे पर आगे बढ़ रही हैं। ममता बनर्जी संविधान की रक्षा की शपथ लेते हुए मुख्यमंत्री बनी है। संविधान से ऊपर कोई भी नहीं लेकिन ऐसे मुद्दे पर जब हाई कोर्ट का फैसला आ जाता है तो उनके तुष्टिकरण का पर्दाफाश होता है।

# मालवाहक में यात्रा न करने पुलिस विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

दुर्ग पुलिस द्वारा ग्राम लिटिया में ग्रामीणों को मालवाहक वाहन में यात्रा ना करने यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा माल वाहक वाहन में यात्रा के दौरान होने वाली दुर्घटना से अवगत कराते हुए समझाईस दी गई। बीएसपी के अधिकारियों द्वारा सड़क दुर्घटना से संबंधित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर यातायात नियम का पालन न करने से होने वाली दुर्घटना से अवगत कराया गया। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा ग्राम के 6 ग्रामवासियों को हेलमेट प्रदान कर लगाने प्रोत्साहित किया गया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में माल वाहक वाहन मे हो रहे परिवहन को रोकने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के परिपालन में ग्राम लिटिया के ग्रामीणों को माल वाहक वाहन से होने वाली सड़क दुर्घटना से अवगत कराने यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतीष ठाकुर द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को अन्य जिलों में हुए माल वाहक वाहन में यात्रा करने के दौरान हुए सड़क दुर्घटना से अवगत कराते हुये बताया गया की माल वाहक वाहन में यात्रा करना खतरनाक है प्रायः देखा गया कि ग्रामीण क्षेत्र में शादी, छट्टी, कोई अन्य कार्यक्रम में माल वाहक वाहन में यात्रा करते देखा गया है। इससे हमें बचना चाहिए। बीएसपी इस्पात सयंत्र के हेमन्त जंगम, राजेश कुमार वर्मा प्रवीण कालमेघ, प्रमोद खरालकर और इन्द्र जीत ने अभिनय के माध्यम से यातायात सुरक्षा संबंधी नुककड़ नाटक भी प्रस्तुत किया।

■ नुक्कड़ नाटक से नियमों का पालन करने दिया संदेश

## बारिश पूर्व नाला सफाई का विधायक गजेंद्र ने किया निरीक्षण

दुर्ग। निगम क्षेत्र में चल रहे नाला सफाई को दुरुस्त कराने विधायक गजेंद्र यादव मैदान में उतरे और मौके पर पहुंचकर नाला सफाई का निरीक्षण किया ताकि लगातार बारिश होने पर कहीं भी जलभराव की स्थिति न बने। वार्ड 11, 24 व 26 में चैनमाउंटेन से शंकरनाला की सफाई व्यवस्था देखी और निगम के अधिकारियो को सतत मॉनिटरिंग करते हुए मानसून पूर्व 15 जून तक सफाई पूर्ण करने निर्देश दिए। विधायक गजेंद्र ने डूबान वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर उन क्षेत्रों में सघन स्तर पर सफाई करने कहा। श्री शिवम के पास नाला संकरा होने से बहकर आने वाला कचरा फंसता है इसका निराकरण करने नाला की चौड़ाई बढ़ाने निगम के ईई को इस्टीमेट बनाने निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान निगम के स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने विधायक को बताया की दुर्ग निगम क्षेत्र के बड़े नालों की सफाई की जा रही है और कुछ नालों की सफाई की जा चुकी है। बड़े नाले की सफाई के लिए चैन माउंटेन तथा जेसीबी से सफाई कार्य जारी है। छोटे नालों की सफाई स्वच्छता कर्मचारी नाली से सभी प्रकार के कचरे व मलबे को निकाल रहे हैं। इस दौरान पार्षद नरेश तेजवानी, तपन मलिक, किशोर अहिरवार, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, उप अभियंता सुरेश केवलानी, विकास दमाहे उपस्थित रहे।

# श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

स्थानीय श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कंप्यूटर साइंस विभाग के विद्यार्थियों ने एमएसएमआई प्रौद्योगिक केंद्र बोरई का भ्रमण कर दो दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण में भाग लिया।

समन्वयक जी धीरेंद्र पराते ने बताया की बोरई औद्योगिक क्षेत्र में ए म ए स ए म आ ई प्रौद्योगिक केंद्र प्रदेश का पहला हाईटेक प्रशिक्षण केंद्र है जिसे 112 करोड़ की लागत से भारत सरकार ने स्थापित किया है। इसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न औद्योगिक इकाइयों को प्रशिक्षण देना, कंप्यूटर से संबंधित सॉफ्टवेयर विकास, प्रोग्रामिंग, रोबोटिक्स, स्टार्टअप का प्रायोगिक ज्ञान देना है। यहां न्यूनतम शुल्क पर छात्रों को रोजगार के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। प्रशिक्षण केंद्र के भ्रमण में विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग

■ एमएसएमआई प्रौद्योगिक केंद्र बोरई का किया भ्रमण




के बी टेक, बीसी एएएम सी ए के 175 विधार्थियों ने भाग लिया। जिन्हें प्रशिक्षकों ने सभी प्रकार के उपकरणों की प्रायोगिक जानकारी दी।प्रशिक्षण केंद्र के अधिकारी आकाश उर्कुड़े ने बताया की प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग में हो रहे अपडेट के कारण रोजगार की अपार संभावनाएं इस क्षेत्र में हैं। यहां विधार्थियों को विशेष कर कंप्यूटर साइंस के छात्रों को प्रशिक्षित किया जाता है। कौशल को तराश कर उन्हें रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों के लिए तैयार किया जाता है। विद्यर्थियों ने बड़े उत्साह से इस दो दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण में भाग लिया। और नई नई जानकारियां हासिल की। विश्विद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग एवं ट्रेनिंग प्लेसमेंट सेल के शिक्षकों का सक्रिय सहयोग रहा।

## अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन भवन में लगाया आयुर्वेदिक व होम्योपैथी शिविर

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का तीन सौ ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

अग्रवाल समाज दुर्ग के तत्वाधान में अग्रवाल युवा मित्र मंडल द्वारा निशुल्क आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक शिविर का आयोजन अग्रसेन भवन दुर्ग में किया गया I इस चिकित्सा शिविर के प्रमुख अग्रवाल समाज के सचिव दीपक बंसल ने जानकारी दी कि, आयुर्वेदिक में डॉ स्नेहा केलकर और डॉ मणि शर्मा एवं होम्योपैथिक में डॉ सुधा बंसल ने अपनी सेवा दी। इसके पूर्व अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष विजय अग्रवाल, संरक्षक कैलाश रूंगटा एवं युवा मंडल अध्यक्ष श्री हिमांशु अग्रवाल ने अग्रसेन जी की एवं धनवंतरी भगवान प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया I

■ शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कर दी गई दवा

अग्रवाल युवा मित्र मंडल के सचिव अतुल जिंदल एवं कोषाध्यक्ष अंशुल रूंगटा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में पेट, लिवर, सायटिका, सोराइसिस, पथरी, बवासीर एवं अन्य रोगों की जांच कर निशुल्क दवा वितरण किया गया एवं चिकित्सकों ने उपयोगी जानकारी देतें हुए बताया कि खानपान में सुधार कर एवं थोड़े से व्यायाम से बिना दवा के भी कैसे स्वस्थ रहा जा सकता है I सर्व समाज के लिए आयोजित इस निशुल्क शिविर का लगभग 300 से 350 लोगों ने लाभ उठाया एवं सभी ने युवा मंडल के इस सेवा कार्य की सराहना की I कार्यक्रम के अंत में अग्रवाल समाज द्वारा डॉक्टर स्नेहा केलकर,मणि शर्मा,सुधा बंसल का मोमेंटो एवं पुष्प गुच्छ. देकर स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया । साथ ही शर्मायु ,अयुसिद्ध, फार्मा हर्ब,झंडू, विठोबा,रूसी कंपनी का भी सहयोग प्रदान हुआ।



### अग्रवाल महिला मंडल द्वारा आम पानी का वितरण

अग्रवाल महिला मंडल दुर्ग की अध्यक्ष सरिता गोयल ने बताया कि अग्रवाल महिला मंडल के सेवा सप्ताह के तहत आज राहगीरों को आम पानी का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि अग्रवाल समाज की महिलाएं इस पुण्य कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है कल लगभग 50 किलो छाछ का वितरण किया जाएगा।

### कराए जाते हैं विविध कार्यक्रम

अग्रवाल समाज दुर्ग सदैव सेवा में अपनी अग्रणी भूमिका निभाते आया है। अग्रवाल युवा मित्र मंडल के पूर्व अध्यक्ष श्री मयंक अग्रवाल एवं श्री चंकी अग्रवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष अग्रसेन जयंती के अवसर युवा मंडल द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप भी आयोजित किया जाता है। शिविर में युवा मंडल से अजय अग्रवाल,आशीष रूंगटा, लक्की अग्रवाल,चिराग गोयल, सी.ए.गौरव अग्रवाल,महिला मंडल की सरोज प्रकाश अग्रवाल ,मंजू प्रेम अग्रवाल, मीना मुकेश अग्रवाल,यूथ क्लब के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल एवं सचिव अनूप अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। संपूर्ण कार्यक्रम में श्री कमल नारायण रूंगटा,विजय अग्रवाल,महेंद्र सक्सेरिया,बृजमोहन गोयल,श्री प्रेम कुमार अग्रवाल, पंकज कुर्तिका,मनोज अग्रवाल ,आशीष सक्सेरिया, ,विशेष रूप से उपस्थित थे।

## पुलगांव नाला जलकुंभी से पटा, इस बरसात में भी हो सकता है जलसंकट



दुर्ग। दुर्ग भिलाई शहर में पिछले वर्ष बरसात के दिनों में शिवनाथ नदी इंटकवेल में बार बार कचरा फंसने की वजह से हुई पानी सप्लाई की किल्लत के बाद भी जिला या नगर निगम प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया है और इस वर्ष अब बारिश आने वाली हैं फिर भी पुलगांव नाले में पटे पड़े जलकुंभी की न तो सफाई किया गया है और न ही गंदे पानी व कचरा जाने से रोकने लंबे समय से चल रहे नाला डायवर्सन कार्य को पूरा किया गया है जिसके चलते इस बरसात में भी शिवनाथ नदी पंप हाउस के साइफन में जलकुंभी व कचरा फंसने के चलते फिल्टर प्लांट में पानी सप्लाई ठप्प होने व लोगों को पीने के पानी के लिए तरसने की संभावना बढ़ गई है। नगर निगम के पूर्व सभापति दिनेश देवांगन ने कहा है कि ननि में सत्ताधीश कांग्रेसी परिषद विस चुनाव के परिणाम के बाद से राजनीति रूप से मृतप्राय अवस्था में हो गई हैं और निगम के जिम्मेदार अधिकारी अपनी मानवीय कर्तव्यों को भूलकर केवल पगार के लिए नौकरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस नाला में नदी से महज पचास मीटर की दुरी में एनीकेट बनाकर गंदे पानी के बहाव रोक दिया गया है जिसकी वजह पूरा नाला जलकुंभी व भारी मात्रा में कचरो से पट गया है जो बारिश होते ही फ्लो में बहकर दुर्ग निगम के क्रमशरू 24 व 42 एमएलडी व भिलाई निगम के 77 एमएलडी इंटकवेल के सायफन में फसने लगेंगे जिसे बार बार साफ करना संभव नहीं होगा और इसके कारण टंकिया भी नही भर पायेगा और भरी बरसात में लोग पीने के पानी के लिए जूझ सकता है।

## खबर संक्षेप

### रात्रिकालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट प्रतियोगिता 29 से

**अंडा।** युवा उत्सव समिति गुरुवार बजार चौक ग्राम अंडा में रात्रिकालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 29 मई से रखा गया है। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार 5001 रूपये, द्वितीय 3001रूपये, एवं तृतीय पुरुस्कार 1001 रूपये रखा गया है साथ ही अन्य आकर्षक पुरुस्कार समिति द्वारा रखा गया। यह जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोज निर्मलकर ने दी।

### जयंती पर आज गोष्ठी व संस्मरण समारोह

**राजनांदगांव।** कायस्थ समाज राजनांदगांव द्वारा कल 27 मई को स्व. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी की 130वीं जयंती दिग्विजय कॉलेज परिसर स्थित बख्शी सभागृह में शाम 5 बजे से उल्लेखित साहित्यकारों की गोष्ठी एवं स्व. बख्शी से जुड़े लोगों द्वारा संस्मरण समारोह का आयोजन रखा गया है। संरक्षक द्विजेन्द्र भोला बख्शी व अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन लाला देबू ने उक्त जानकारी देते बताया कि शाम 5 बजे त्रिवेणी परिसर में स्थापित तीन विभूतियों एवं बख्शी मुक्तिबोध एवं डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र की प्रतिमा में माल्यार्पण के उपरांत बख्शी सभागृह में उपरोक्त गोष्ठी, संस्मरण कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में श्रीमती ठाकुर, डॉ. शंकर मुनिराय, सुनीता खरे, डॉ. हेमलता महोबे, शकुन्तला दास, गिरीश बख्शी, इंदरचंद उपस्थित रहेंगे।

### कला में निखार उभरेगी प्रतिभाएं

**राजनांदगांव।** तपती दोपहरी में बांध व तालाबों में कूद-कूद कर नहाने, बगीचे में उधम मचाते आम और जाम (अमरूद) तोड़ने, छिपते-छिपाते बाड़ियों में घुसकर हरी ककड़ी, रसीले तरबूज और स्वादिष्ट खरबूजा खाने के मजे के साथ ही अब आज से करमतरा संकुल के स्कूली बच्चे चित्रकारी, संगीत, नृत्य, नाटक, प्रहसन, गायन, योग, मेहंदी लगाने, फोटोग्राफी के गुर भी सीखेंगे।

# बच्चे हीट वेब से बचने व उपचार और विभिन्न योगासन सीख रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में विद्यार्थियों को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न रखने एवं बहुमुखी कौशल विकास के लिए विद्यालयों में समर कैंप लगाने प्राप्त मार्गदर्शन एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय एवं जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग के निर्देश पर शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुम्हली में समर कैंप प्रारंभ किया गया। जिसमें छात्रों द्वारा विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर कौशल का उम्दा प्रदर्शन बच्चे करने लगे हैं। शासकीय स्कूलों में समर कैंप के लिए भीषण गर्मी में बच्चो को एकत्र करना मशक्कत भरी कार्य शिक्षक करते हुए निर्देशों का पालन कर कर्तव्य निर्वहन कर रहे है। गर्मी की छुट्टी में नाना-नानी, मौसा-मौसी के घर एवं वैवाहिक प्रसंगों में अन्यत्र प्रवासी बच्चों के अलावा उपलब्ध बच्चों की उपस्थिति में समर कैंप लगाया जा रहा है।

## शासकीय स्कूल कुम्हली समर कैंप में बच्चे खेल रहे जनौला, गा रहे भजन

### भजन भक्ति के साथ इंडोर गेम्स

पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्राओं ने भजन, गीत, कविता, रंगोली, छत्तीसगढ़ी जनउला, अंत्याक्षरी, विभिन्न इंडोर गेम्स में अपनी रुचि दिखाई। वहीं प्राथमिक शाला के बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर पेंड की सुरक्षा पर बहुत ही प्रेरक नाटक प्रस्तुत कर बताया कि वृक्ष हमारे लिए संजीवनी हर हाल हमें पेड़ों काटने से बचाना ईंधन के लिए पेंड काटने की मजबूरी बताई गई तो छात्रों ने शासकीय योजनाओं द्वारा प्रदान की जा रही ईंधन गैस सिलेंडर की याद दिलाई एवं कोविड काल मे आक्सीजन की कमी को स्मरण ताजा करते हुए पेड़ों से हमें आक्सीजन दिए जाने के लिए वृक्षों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किए गए। बच्चों ने हीट वेब से बचने एवं उपचार, विभिन्न प्रकार के योगासन द्वारा शारीरिक स्वास्थ्य, जल संरक्षण, आपदा प्रबंधन पर गतिविधियों के माध्यम से सीखने का प्रयास किया।




### बुद्ध की जीवनी पर डाला प्रकाश

भगवान बुद्ध की जयंती पर गौतमबुद्ध की जीवनी और विश्व को दिए उनके सिद्धांतों पर चर्चा करते हुए नमन किया गया । आसपास के एतिहासिक धरोहर, रामायण, महाभारत, सामाजिक नाते रिश्ते, भारतीय वैदिक संस्कृति, मंत्रोच्चार से नैतिक मूल्यों का आत्मसातीकरण का प्रयास शिक्षकों के निर्देशन में किए गए।

### बच्चों में सीखने की तीव्रता बढ़ जाती है

मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक प्रभा सिंह ने बताया कि शैक्षणिक सत्र के दौरान कक्षागत क्रियाओं से छुटे हुए आवश्यक सामाजिक मूल्यों एवं कौशल को सीखने समझने के लिए ऐसे अवकालीन संक्षिप्त कैंप विद्यार्थियों के लिए बहुत लाभदायक होता है। प्राथमिक प्रधान पाठक सीएल साहू ने कहा कि समर कैंप में बच्चों को स्वच्छंद, भयमुक्त रूप से अपनी रुचि के अनुकूल परिवेश मिलता है तब सीखने की तीव्रता बढ़ जाती है। शासन की वांछित सभी शैक्षिक योजनाओं का परिपालन हमारी प्रतिबद्धता हैं।

## खनिज विभाग को लाखों रुपए के राजस्व का हो रहा घाटा

# गोड़मर्रा में रात के अंधेरे में मुरम के दलाल कर रहे हैं अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

समीपस्थ ग्राम पंचायत गोड़मर्रा में रात के अंधेरे में मुरूम के दलालों द्वारा अवैध रूप से खनिज विभाग के लाखो रुपए की राजस्व का घाटा कराकर अवैध मुरूम खनन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत गोड़मर्रा में अवैध मुरूम खनन रात में लगभग 9 से 10 बजे रात्रि के बाद अवैध खनन प्रारंभ होता है। यह खनन ग्रामीणों के लिए मुरूम खनन के नाम से प्रारंभ होता है और इस खनन में 10 चक्का 12 चक्का के वाहन का उपयोग किया जाता है। मुरूम जेसीबी के द्वारा खनन होता है और 10 चक्के 12 चक्के के वाहन से लगातार बाहर भेजा जाता है। गांव में ब मुश्किल रातभर में 4 से 5 ट्रीप ही मुरूम गांव में खाली होता है। शेष मुरूम अवैध रूप से बाहर होता है। एक रात में लगभग लाखों रुपए का मुरूम बाहर

**अधिकारियों को नहीं मिलती अवैध खनन करते हुए गाड़ियां**



हो जाता है यदि खनिज विभाग द्वारा इन्हे खनन की अनुमति रहती तो ये दिन के उजाले में खनन का कार्य करते। रात भर खनन का कार्य करने के बाद सुबह सुबह बंद होना यह दर्शाता है कि खनन के लिए खनिज विभाग से अनुमति नहीं ली गई है। यह कार्य आज हो रहा है ऐसा भी बात नही है, आय दिन अवैध खनन का कार्य चलता रहता है। गोड़मर्रा, गातापार, गाड़ाडीह, चेचानमेटा, भटगांव, जैसे जगहों में आय दिन खनन का कार्य चलता रहता है। रात के अंधेरे में ही नहीं दिन के उजालों में भी खुले आम चलता हैं। बड़े मजेदार बात यह है की इसकी शिकायत आला अधिकारियों से करने पर आलाधिकारी फोन पर तुरंत अवैध खनन स्थल पहुंचने की बात कहते है उधर आलाधिकारी गंतव्य स्थान से अवैध खनन के जगह पर पहुंचने के लिए निकलते है और उनके पहुंचने के पहले अवैध खनन में लगे जेसीबी और अन्य गाड़ियां अधिकारी के पहुंचने के पहले नौ दो ग्यारह हो जाते हैं। आखिर ऐसा क्यों जब आला अधिकारी पहुंचते हैं तो वहां कुछ नही मिलता आखिर अधिकारियों के निकलते ही अवैध खनन माफिया को कौन जानकारी देता है।

## मुक्तिधाम में दाहसंस्कार के लिए इक्ट्ठा हुए ग्रामीणों पर मधुमक्खी का हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

दुर्ग जिले निकुम में बीते पखवाड़े भर में 5 लोगो की सामान्य मौत हो गयी, वहीं भाठापारा निकुम में 'शुक्रवार को एक वृद्ध महिला की मौत होने के बाद अंतिम यात्रा को लेकर परिवारजन व सैकड़ों ग्रामीणजन शाम को 4 बजे श्मसान घाट दाह संस्कार करने पहुंचे ग्रामीणों पर मधुमक्खीयों को हमला करते देख आनन फानन में भागे। इस घटना से मौके पर अफरा तफरी मच गई, वहीं कई लोगों को कई डंक लगने से ग्रामीणजन दहशत के चलते शव को छोड़ कर भागे, फिर घायल मरीज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम इलाज कराने पहुंचे, तो डाक्टर ही नदारत मिला। दर्द से कहार रहे मरीज मजबूरी में निजी क्लिनिक में इलाज करवाए। वहीं ग्राम निकुम के मधुमक्खी के डंक से घायल राजकुमार साहू ने कहा कि निकुम में स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है, समय पर डाक्टर व स्टाप नही रहता है। गौर हो कि बीते कुछ दिन पहले ही दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी अस्पाताल आए थे फिर भी सीएचसी निकुम के स्टाप पर जूं नही रेगं रही है। गौर हो कि कई स्टाप बीते दशकों से बर्फ की तरह जमे होने के कारण सिस्टम बदहाल है। वहीं विधानसभा चुनाव के बाद आज पर्यन्त तक जीवनदीप समिति की बैठक नही हुई। समय पर डाक्टर नहीं पहुंचते है। ग्राम पंचायत निकुम के पंच धमेन्द्र साहू ने बताया कि समय रहते उस मधुमक्खी को हटाये , ताकि निकट भविष्य में घटना ना हो, वहीं इस घटना के बाद से ग्रामीणजन सहम गये हैं और मौके पर ही सरपंच को सूचना दिया गया।



■ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम में डॉक्टर मिला नदारद

**स्टाफ समय पर अस्पताल पहुंचे**

"समय पर स्टाफ अस्पताल पहुंचे, लापरवाही बिल्कुल बर्दास्त नही होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले।

**डॉ. जेपी मेश्राम,** मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी दुर्ग

# अमलेश्वर में आयोजित शिव महापुराण कथा में शामिल होंगे मुख्यमंत्री विष्णुदेव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

पाटन विधानसभा क्षेत्र के प्रवेश ग्राम अमलेश्वर में 27 मई से 2 जून तक साहू परिवार एवं खंडेलवाल परिवार द्वारा श्री समर्पण शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा शिवमहापुरण कथा सुनाई जाएगी। आयोजकों द्वारा कथा में शामिल होने के लिये प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है। मौके पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सभापति मोनू साहू, मनोज खंडेलवाल, विशाल खंडेलवाल सहित अन्य उपस्थित थे। वहीं पर्यावरण संरक्षण समिति नई पहल स्टील बर्तन बैंक जो प्लास्टिक मुक्त भारत का सपना संजोकर प्लास्टिक मुक्त भोजनालय के साथ-साथ भोजन की पुरानी पद्धति एवं भोजन के महत्व को समझाते हुए धरती माता को प्लास्टिक प्रदूषण से बचाने के लिए एक टीम बनाकर काम कर रही है और अब तक एक वृहद कचरा से निजात पाया जा चुका है, अब अमलेश्वर की बारी है। अमलेश्वर और आसपास के सभी समाजसेवियों से नई पहल की संयोजिका श्रद्धा साहू एवं उनकी टीम का विशेष अनुरोध है कि डिस्पोजल और पानी पाउच का उपयोग न करें, सुंदर स्टील के गिलास में ही पिलाये और पानी का टैंकर खड़ा कर दे जगह-जगह पर जिसमें पतला-पतला नल लगा हो।

■ पर्यावरण संरक्षण समिति नई पहल की टीम ने प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने अपील की



## नगपुरा आत्मानंद स्कूल की टापर छात्रा पलाक्षी को ग्रामीणों ने दी बधाई

**अंडा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमे शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल नगपुरा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इसी स्कूल की होनहार छात्रा पलाक्षी सिन्हा पिता ताम्रज सिन्हा ने कक्षा दसवीं में 94.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर गांव के प्रबुधजन नागरिकों ने छात्रा के घर पहुंचकर परिवार का मुंह मीठा करवाया गया और छात्रा कुमारी पलाक्षी सिन्हा को गुलदस्ता शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

अवगत हो पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में निः शुल्क अंग्रेजी माध्यम की स्वामी आत्मानंद विद्यालय शुरू किया गया है जिसके प्रारंभिक दौर में इस ग्रामीण अंचल में एकमात्र स्कूल नगपुरा में खुल पाया जहा नगपुरा सहित आसपास के पंद्रह बीस गांव के सैकड़ों बच्चे अध्ययन कर रहे हैं उक्त विद्यालय की मेघावी छात्रा पलाक्षी सिन्हा पूर्व में वैश्विक महामारी करोना के वक्त स्वास्थ और शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से राज्य स्तर पर करोना संदर्भित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आने पर नगद पांच हजार रुपए और प्रशस्ति पत्र देकर हाईटेक हैस्पिटल भिलाई में सम्मानित हो चुकी हैं।कुमारी पलाक्षी सिन्हा ने दसवीं कक्षा 43 बच्चों के बीच बेहतर परिणाम लाकर फिर एक बार स्कूल सहित परिवार और गांव का नाम रौशन किया है।


# छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स ने बाजार की समस्याओं को लेकर विधायक से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स द्वारा दुर्ग के इंदिरा मार्केट व्यापारी संघ के साथ बैठक का आयोजन किया गया। युवा विंग अध्यक्ष रवि केवलतानी ने बताया कि सिंधु भवन में आयोजित बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश सांखला, अध्यक्ष प्रहलाद रुंगटा, चेयरमैन पवन बडजात्या, कैट अध्यक्ष मोहम्मद अली हिरानी, इंदिर मार्केट अध्यक्ष मितेश पटेल, सचिव अनुज अग्रवाल और श्याम शर्मा उपस्थित थे। इस दौरान सदस्यों ने कहा कि बाजार के मूलभूत सुविधा के अभाव में ग्राहक बाज़ार में आना कम कर दिए है। अब ग्राहक के पास डी-मार्ट, जिओ मार्ट, वालमार्ट व मॉल जैसे विकल्प हो गए है। मूलभूत सुविधा में महिला शौचालय, पार्किंग, हाथ ठेले वाले का जगह जगह दुकान लगाते है, लाइटिंग व्यवस्था, सीसीटीवी की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, अतिक्रमण सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान सभी के परामर्श से दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव से मिलकर बाजार की समस्याओं से अवगत कराया गया। विधायक ने बताया कि कलेक्टर और संभाग कमिश्नर ने बाज़ार का निरीक्षण किया और शौचालय के लिये जगह भी चिन्हित हो गई है। आचार संहिता की वजह से काम शुरू नहीं हो सका है। लेकिन अब 7 जून के बाद सब काम किए जाएंगे। विधायक ने कहा कि बहुत जल्द बैठक कर इस पे भी निर्णय ले लिया जाएगा।

## झीरम घाटी में शहीद तरूण की पुण्यतिथि मनाई



**उतई।** खोपली के वीर सपूत माटी पुत्र झीरम घाटी में शहीद हुए तरुण देशमुख के 11वी पुण्यतिथि पर कला मंच बाजार चौक खोपली के युवा साथीयों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किया गया। जिसमें हेमंत देशमुख, गजेंद्र काकडे, विकास देशमुख, डालेश्वर साहू, हीतेंद्र काकडे, सियाराम साहू, हिमाचल साहू, राजा साहू, डेमेन्द्र साहू, दीपांशु देशमुख, राहुल साहू, मोंटू देशमुख, केशव साहू, उत्कर्ष देशमुख, गुलशन साहू, गेश्वर साहू, अनिल साहू, चंदू साहू, धनेश देशमुख, किशन साहू, राजेश साहू, साहिल साहू, मुकेश यादव, बबलू देशमुख, प्रमिला साहू, ओम बाई साहू आदि उपस्थित थे।

# अलविदा तनाव शिविर के सातवें दिन लोगों ने मनाया अलौकिक जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा में चल रहे अलविदा तनाव शिवीर में ब्रह्माकुमारी रूपाली ने संस्था का दिया मूल परिचय और संस्था के मूल संस्थापक दादा लेखराज का नाम कैसे प्रजापिता ब्रह्मा हुआ, परमपिता परमात्मा ने कैसे इनके साकार तन को माध्यम बनाकर इस पुरानी पतित दुनिया को एक नई सतयुगी दुनिया बनाने का कार्य लेखराज को अर्थात प्रजापिता ब्रह्मा को सौंपा। फिर आगे रूपाली दीदी ने कहा कि




इस संस्था का नाम पहले ओम मंडली था बाद में परमपिता परमात्मा शिव ने इस संस्था का नाम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रखा इस संस्था के माध्यम से ही और प्रजापिता ब्रह्मकुमारी बहनों के माध्यम से परमात्मा शिव अपनी ज्ञान का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। जो मनुष्य इस कार्यक्रम में उपस्थित होता है परमात्मा शिव के ज्ञान को अपने जीवन में धारण करता है वह नई सतयुगी दुनिया में देवी देवताओं के पद पाने के योग्य बन जाता है। कार्यक्रम में अलौकिक जन्मोत्सव के रूप में आज का दिन मनाया । बच्चों ने देवी देवताओं का रूप धारण कर लोगो पर फूल बरसाएं एवं नए अलौकिक जन्म की बधाई दी।

## बिजनेस साइट

# ओम ज्वेलर्स में ग्राहकों का मिल रहा प्रतिसाद

**भिलाई।** शहर के ह्रदय स्थल में स्थिति ओम ज्वेलर्स शॉप 64बी प्रिया श्रृंगार सदन के सामने इंदिरा मार्केट दुर्ग अपने ग्राहकों के हित के लिए हमेशा प्रतिबध्द है। जहां आपको भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज देखने को मिलता है जिसमे नये या पुराने ग्राहकों को 100% संतुष्टी के साथ गहने निश्चित होकर ख़रीदे जा रहे हैं। साथ ही गहनों में टूट-फूट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा देता व मंगलसूत्र की गुथाईं फ्री रहता है। कम मजदूरी व मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के पैसो के अनुरूप डिजाइन उपलब्ध रहता है। गहनों की मजबूती की गारंटी वा टूट-फूट की 2 साल तक रिपेरिंग फ्री की सुविधा हमेशा से ग्राहकों को प्रदान किया जाता है। शादी-विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम ज्वेलरी में एक से बढ़कर एक वैरायटी का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों को तत्काल दी जाती है। वहीं आपको सबसे चीप दर गहने प्रदान किया जा रहा है। नये पुराने सभी ग्राहक से अनुरोध है हमेशा शॉप पधारे। हमेशा नई डिजाइन उपलब्ध बुकिंग पर दुगुनी ऑफर है।




Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी।

समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक

डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508133

## परिजनों तक नहीं पहुंच पाए आठ श्रमिक, आक्रोशित महिलाओं ने घेरा फैक्ट्री को, खानपान सब गेट पर ही बन रहा

# मां को अब भी बेटे का इंतजार, बारुद फैक्ट्री के गेट पर डटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शनिवार को ग्राम पिरदा में स्थित स्पेशल ब्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में बारुद का भयंकर ब्लास्ट हुआ। इसमें कार्यरत करीब आठ श्रमिक दो दिन बाद भी अपने परिजनों से नहीं मिल पाए हैं। इसे लेकर परिजन बारुद फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ गेट पर जमकर प्रदर्शन कर रहे हैं। दो दिनों से चल रहे प्रदर्शनकारियों की मांग है कि उनके बेटों को उनके सामने लाया जाए। इस दौरान फैक्ट्री के बाहर अपने लापता बेटे की मां ग्राम गब्दा निवासी सेवती बाई ने हरिभूमि को बताया कि लोकनाथ यादव उसका तीसरा नंबर का बेटा है। शनिवार की सुबह काम पर निकला था। लेकिन इतना बड़ा हादसा हो जाएगा इसकी परिजनों को भनक तक नहीं लग पाई। लोकनाथ की कुछ तो जानकारी मिल जाए। इस कारण बारुद फैक्ट्री के बाहर बैठी हूं। उनके साथ लोकनाथ की चाची समेत पूरा परिवार उठकर आया हुआ है। जिला प्रशासन उनके बारे में परिजनों को कोई जानकारी नहीं दे रहा है। दर्जन भर से अधिक परिवार के लोग गेट पर खडे होकर अपनों को तलाश रहें है लेकिन जिला प्रशासन किसी की भी जानकारी खबर लिखे जाने तक पुख्ता नहीं करा पा रही है। इस कारण परिवार के लोगों में जमकर आक्रोश देखा जा रहा है। बारुद फैक्ट्री में काम करने वाले 8,19 और 20 वर्ष के कई नव जवान युवक काम पर जाया करते थे। लेकिन उनकी सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर बारुद फैक्ट्री प्रबंधन सुरक्षा के नाम पर कुछ भी नहीं किया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि बारुद फैक्ट्री का प्रबंधन ने हादसे के बारे में काफी देर बाद जानकारी दिया गया। खबर सुनकर परिजन फैक्ट्री पहुचने तो कोई भी मदद करने वाला नहीं था।

### ग्रामीणों में गम और गुस्से का माहौल, अपनों को तलाश रहे परिजन


रोती बिलखती मां और साथ में रिश्तेदार

### महिलाओं के लिए खानपान की व्यवस्था

गेट पर प्रदर्शन कर रही महिलाओं के लिए ग्रामीणों ने खान पान तक की व्यवस्था किया है। पिकअप वाहन में बडे ड्रम में पानी भरकर रखा गया है। उसके बाद सिलेंडर चूल्हा जलाकर खिचड़ी और खाने की व्यवस्था की गई है। कई लोग ऐसे है कि शनिवार सुबह से अपनों की जानकारी लेने गेट पर ही बैठी हुई है। दो दिनों से घर तक नहीं पहुची है। इन महिला पुरुषों के लिए गांव के लोगों ने खानपान तक की व्यवस्था किया है। आक्रोशित महिलाओं ने बारुद प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहें है। ग्रामीण विजय कुमार का कहना है कि बारुद फैक्ट्री में किसी भी प्रकार का कोई मदद परिजनों को अब तक नहीं दिया गाय है।बल्कि लापता लोगों के बारे में कोई सूचना तक उलब्ध नहीं कराया गया है। इससे परिजन खासे परेशना हो रहे है।


ट्रेक्टर से लाया गया ग्रामीणों के लिए खाना बनाने बर्तन और गैस चूल्हा



प्रदर्शन करते परिजन व ग्रामीण

### परिजनों को सही जानकारी नहीं दी जा रही है

ग्राम पिरदा निवासी हीरालाल देवदास ने बताया बेटा पुष्पराज और विजय देवदास पीटीएन में काम पर निकले थे। मैं खुद 15-20 साल से बारुद फैक्ट्री में काम कर रहा है। बारुद को बाक्स में पैक करते समय हादसा हुआ है। दोनों बेटे मलबे में दबे है उनके बारे में कोई जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है। अपने लाडलों को दो दिनों से नहीं देख पाया हूं। बारुद फैक्ट्री प्रबंधन की लापरवाही के कारण ही इस तरह का हादसा होता है। इसके पूर्व एक श्रमिक को इस तरह ही श्रमिक को चोट आई थी। उसे प्रबंधन ने मामले को दबा दिया। इसके बारे में किसी को खबर तक नहीं लग पाई है। बारुद फैक्ट्री के भीतर गांव के किसी भी ग्रामीणों को घुसने तक नहीं दिया जाता है। पीटीएन यूनिट को दो साल पहले ही शुरु किया गया था। बारुद बाक्स में पैक करते समय सावधानी पूर्वक काम करना अनिवार्य रहता है। हादसे के बाद से बारुद फैक्ट्री का मालिक तक कोई दिखाई नहीं दे रहा है। बेटे के बारे में जानकारी के लिए भटकना पड़ रहा है।




सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस तैनात

# पिरदा फैक्ट्री ब्लास्ट में मृतकों के परिवार को मिले 1 करोड़ मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकरता समिति ने जारी विज्ञप्ति में पिरदा स्थित बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट को प्रबंधन की लापरवाही बताते हुए मृतकों के परिवार के एक सदस्य को नौकरी और एक, एक करोड़ मुआवजा और समुचित इलाज की मांग की है। मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग भी की गई है। ब्लास्ट में करीब 11 मजदूरों की जान जा चुकी है।

यूनियन ने कहा कि फेक्ट्री मे कोई भी सेफ्टी सुरक्षा नही है मजदूरों को बिना सुरक्षा के काम कराया जाता रहा है । बारूद भारी मात्रा भरा हुआ था उसे खुला रखना सुरक्षा मे नही रखना कंपनी मालिक का घोर लापरवाही है । स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड कंपनी बेरला को लेकर सरकार भी मनमानी पर चुप्पी साध रखी है, जिसका खमियाजा मजदूरों को अपना जान गवाकर देना पड़ रहा है । कार्यकर्ता समिति ने मांग करता है की मृत परिवारो को एक एक करोड़ और परिवार के एक सदस्य को नौकरी घायलों को पचास पचास लाख और समुचित इलाज का भरपाई कम्पनी मालिक और सरकार जिम्मेदारी से करे सरकारी 5 लाख देने की घोषणा करके पल्ला झाड़ने से नही होगा। मजदूरों की जिंदगी को वापस नही ला सकते लापरवाही के चलते यह मौत हुआ है। समिति के कल्याण पटेल, रमाकांत, महेश निरा जय प्रकाश नायर सुरेंद्र मोहंती मनोज कोसरे दसमत बंधन सुरेश कलादास डहरिया मुआवजा व जांच की मांग की है।



■ छमुमो कार्यसमिति ने की मांग

# टाउनशिप की सड़कों के डामरीकण से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लंबे समय बाद जगह जगह से तारकोल छोड़ चुकीं बीएसपी टाउनशिप की प्रमुख सड़कों का डामरीकरण कार्य होने से आवागमन सुगम हो रहा है। इसके साथ ही यूनियनों ने जर्जर हो चुकीं कई क्रास स्ट्रीट के भी डामरीकरण किए जाने की मांग की है। इससे लोगों को राहत मिलेगी। बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के रोड डिवीजन विभाग द्वारा इन दिनों टाउनशिप की विभिन्न सड़कों का डामरीकरण किया जा रहा है। इनमें मुख्य सड़क सेंट्रल एवेन्य सहित फारेस्ट एवेन्यू और स्टील क्लब सड़क आदि कई प्रमुख सड़कों का डामरीकरण कंपलीट हो चुका है। वहीं कई अन्य सड़कों का डामरीकरण जारी है।है। व्यस्ततम सड़कों का डामरीकरण हो जाने से लोगों को सन्निकट बारिश के मौसम में आवागमन में राहत मिलेगी। इससे वाहनों की स्पीड बढ़ गई है और ट्रैफिक में सुगम हो रहा है। इसके साथ ही प्रमुख सड़कों की तरह सेक्टरों के अंदर की खराब हो चुकी कई क्रास स्ट्रीट सड़कों के डामरीकरण की मांग भी सेक्टरवासियों के साथ यूनियनें कर रही हैं। विभिन्न सेक्टरों की पचासों क्रास स्ट्रीट सड़कों का डामरीकरण वर्ष 2013 में किया गया था। इस दौरान सेक्टर 6,7, 3 और सेक्टर 8,4 और सेक्टर 1 आदि मे कई क्रास स्ट्रीट सड़के जर्जर हो चुकी हैं।



### चौड़ीकरण व टूलेन की जरुरत

पचास, साठ साल पूर्व बनीं टाउनशिप की कई सड़कों अब चौड़ीकरण और टूले में तब्दील किए जाने की जरुरत है। इसकी वजह लोकल और बाहर के आने वाले वाहनों की तादाद में हजारों की वृद्धि होने से ट्रैफिक का भारी दबाव भी है। प्रबंधन द्वारा पंद्रह साल पूर्व जिस तरह ग्लोब चौक से डीपीएस चौक तक और जेपी चौक से सुपेला चौक रोड को टूलेन किया गया, उसी तरह अन्य कई व्यस्ततम सड़कों के भी जरुरत है। इनमें 32 बंगला से सेक्टर 1 चौक तक रेलवे एवेन्यू, स्टील क्लब रोड, सेक्टर 6 सेंट्रल एवेन्यू तिराहे से प्रियदर्शनी अंडरब्रिज चौक रोड, सेक्टर 6 ई मार्केट से बी मार्केट रोड, सेक्टर 10 काफीहाउस रोड, हास्पिटल सेक्टर हुडको रोड और सेक्टर 1 सड़क को टूलेन या चौड़ीकरण किए जाने की मांग की जा रही है। इन सभी सड़कों पर स्कूल व ड्यूटी टाईम में ट्रैफिक का भारी दबाव होने से दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं।

### बीएसपी में दिव्यांग कार्मिकों को मिली विशेष सीएल

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत सभी तरह के दिव्यांग कार्मिकों को विशेष 4 सीएल की सुविधा शुरु कर दी गई है। बीएकेएस के अध्यक्ष अमर सिंह ने जारी विज्ञप्त में बताया कि समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा सेल कारपोरेट कार्यालय द्वारा दिए गए निर्देश का बावजूद बीएसपी में कार्यरत सभी तरह का दिव्यांग कार्मिकों को विशेष आकस्मिक अवकाश नहीं दिया जा रहा था। इस पर यूनियन ने बीएसपी प्रबंधन और सेल से मांग की थी। यूनियन की मांग पर यह सुविधा शुरु कर दी गई है।




## सीजन का सबसे ज्यादा गर्म दिन रहा, आज से दो दिन चलेगी हीट वेब

# लू एलर्ट जारी, हवा की गति 120 किलोमीटर प्रति घंटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रविवार को लू जैसे हालात का सामना ट्विनसिटी के लोगों ने किया। मौसम विभाग ने सोमवार और मंगलवार को लू एलर्ट जारी किया है। वहीं बंगाल की खाड़ी में मानसूनी गतिविधियां शुरू हो गई है। रविवार को हवा की गति 90 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे रही जो सोमवार को 120 किलोमीटर प्रति घंटे के हिसाब से चलने की संभावना है। ऐसे हालात में लोगों को धूप और लू से बचाव करना बेहद जरूरी हो गया है।

### चक्रवात बढ़ रहा तूफानी गति से

मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण पश्चिम मानसून आगे बढ़ते दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी के कुछ और भाग, मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ और भाग तथा उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी में 26 मई को मानसून की गतिविधि प्रारंभ हो गई है। प्रबल चक्रवात रिमाल उत्तर बंगाल की खाड़ी के ऊपर 7 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर दिशा में आगे बढ़ रहा है । यह खेपूपारा से दक्षिण दक्षिण पश्चिम में 260 किलोमीटर दूर, मोंगला से दक्षिण में 310 किलोमीटर दूर, सागरदीप से दक्षिण पूर्व में 240 किलोमीटर दूर और कनिंग से दक्षिण दक्षिण पूर्व की ओर 280 किलोमीटर दूर स्थित है।

### चक्रवात टकराऐगा सागर द्वीप पर

मौसम विभाग के मुताबिक वर्तमान में इसके अधिकतम हवा की गति 90 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे बनी हुई है। इसके लगातार उत्तर की ओर आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होने की संभावना है। यह और अधिक प्रबल होकर लगभग उत्तर दिशा में आगे बढ़ते हुए बांग्लादेश और उससे लगे पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप और खेपूपारा के बीच मोंगला के निकट आज रात्रि में टकराने की संभावना है । इस समय इसमें अधिकतम हवा की गति 110 किलोमीटर से 120 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है।



### हल्की बारिश की भी संभावना

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में एक तो स्थान पर बहुत हल्की वर्षा होने की संभावना है। उत्तर पश्चिम दिशा से आने वाले गर्म और शुष्क हवाओं के कारण प्रदेश में अधिकतम तापमान में अगले दो दिनों में वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विभाग ने रविवार को दुर्ग जिले का तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। जो इस सीजन का सबसे अधिक तापमान है। न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा।

### लू से ऐसे बचें

धूप में निकलते समय सिर ढककर रखें. इसके लिए टोपी, छतरी, तौलिया, दुपट्टा, या सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें.धूप में निकलने से पहले पानी, छाछ, लस्सी, जूस वगैरह पीकर शरीर को हाइड्रेटेड रखें.शरीर में पानी की कमी न होने दें.सूती, ढीले, और आरामदायक कपड़े पहनें. सिंथेटिक और गहरे रंग के कपड़े पहनने से बचें.ज़्यादा फ़िज़िकल एक्टिविटी से बचें.खाली पेट बाहर न जाएं.अत्यधिक गर्मी होने पर ठंडे पानी से शरीर को पोंछें या कई बार नहाएं. हालांकि, धूप और गर्म हवाओं के संपर्क के तुरंत बाद नहाएं.गरिष्ठ, वसायुक्त, ज़्यादा प्रोटीन वाले भोजन और अल्कोहल, चाय, कॉफ़ी जैसे पेय पदार्थों का सेवन कम से कम करें.जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें.।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 27 मई 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129

02



वीरांगनाओं के देश में अब युवतियों के लिए...

**लाइव इवेंट**

## राष्ट्रहित और समाजहित के कार्य में लगे स्वयंसेवक संघ



**भिलाई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रारंभिक वर्ग प्रशिक्षण शिविर सरस्वती शिशु मंदिर सेक्टर 4 में प्रारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन दुर्ग जिला कार्यवाह सुनील पटेल ने किया। उन्होंने संघ निर्माण के समय की परिस्थितियों व संघ पृष्ठभूमि के विषय में बताते हुए उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संघ समाज को एकीकरण के उद्देश्य को लेकर काम कर रहा है। संघ के प्रशिक्षण में राष्ट्रहित व समाजहित के उद्देश्यों को लेकर व्यक्ति के निर्माण का कार्य होता है। इस दौरान परीक्षार्थी के रूप मे 96 शिक्षार्थी, 8 शिक्षक व अन्य 30 स्वयंसेवक भिलाई व रिसाली के विभिन्न उपनगरों से उपस्थित हुए थे। कार्यक्रम में वर्ग कार्यवाहक मनु शर्मा, जिला सह कार्यवाहक दुष्यंत, जिला व्यवस्था प्रमुख विजय आनंद, जिला सेवा प्रमुख मनीष, जिला पर्यावरण संयोजक नितेश सिंह विशेष रुप से उपस्थित रहे।



**सिटी इवेंट**

## योग ओलम्पियाड चयन स्पर्धा में बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भिलाई।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारी में जिला स्तरीय योग ओलाम्पियाड चयन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें शास. उच्चतर तेलीगुंडरा व माध्यमिक विद्यालय विकासखण्ड पाटन के बच्चे प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता में माध्यमिक विभाग से भाविका देवांगन, टोमानशिक पटेल व नंदिनी विश्वकर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सम्भाग के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। इस अवसर पर प्रधानपाठक एमएल वर्मा, योग प्रभारी खिलेंद्र साहू, प्रीति बाली, परवेज़ ठाकुर, व्यायाम शिक्षक कौशलेंद्र पटेल, सहायक ब्लाक शिक्षा अधिकारी धमधा सुनीता देवांगन प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। बच्चों की उपलब्धि पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पाटन प्रदीप महिलांगे, बी.आर.सी.खिलावन चोपड़िया, ओ.पी.सिंह प्राचार्य, जैनेन्द्र गंजीर संकुल समन्वयक, विद्यालय के सरंक्षक दिनेश साहू, सरपंच ग्राम पंचायत तेलीगुंडरा मनीष पटेल, नोलेश्वरी साहू अध्यक्ष व नरेंद्र पटेल उपाध्यक्ष माध्यमिक विभाग, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. डी.एल.चतुर्वेदी, तिलक साहू, फार्मासिस्ट पी.एन. सोनवानी व बच्चों को प्रतिदिन निःशुल्क योग प्रशिक्षक महेंद्र साहू योग प्रशिक्षक शासकीय आयुर्वेद औषधालय तेलीगुंडरा ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है।

**स्पोर्ट्स इवेंट**

## रायपुर ने 10 विकेट से जीता मैच

**भिलाई।** ग्रुप बी का आठवां चार दिवसीय मैच 23 से 26 मई को रायपुर तथा राजनांदगांव के मध्य दल्लीराजहरा में खेला गया। राजनांदगांव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। राजनांदगांव ने अपनी पहली पारी में 82 ओवरों में 10 विकेट खोकर 205 रन बनाए। राजनांदगांव की ओर से युक्तग्यि वर्मा ने 50 रन तथा रुद्रांश तिवारी ने 45 रनों का योगदान दिया। वहीं रायपुर की ओर से फैज खान ने 4 विकेट तथा कृष्णा टांक ने 3 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ने अपनी पहली पारी में 114.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 372 रन बनाये। रायपुर की ओर से कृष्णा टांक ने 100 रन तथा दक्ष कुमार ने 55 रनों का योगदान दिया। राजनांदगांव की ओर से देवकरन साहू ने 3 विकेट, पियुश नेताम तथा युक्तग्यि वर्मा ने 2–2 प्राप्त किये। राजनांदगांव ने अपनी दूसरी पारी में 60 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाये। राजनांदगांव की ओर से बी. बालाजी राव ने 76 रनों का योगदान दिया। वहीं रायपुर की ओर से कृष्णा टांक ने 4 विकेट तथा फैज खान ने 3 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करते हुये रायपुर ने पहले ही ओवर में बिना नुकसान के 4 रन बनाकर मैच 10 विकेट से जीत लिया। रायपुर ने मैच 10 विकेट से जीत लिया।



● संत निरंकारी मंडल ब्रांच दुर्ग-भिलाई के बच्चों का हुआ बाल सत्संग

# नाटक में मोबाइल के दुष्प्रभाव को दर्शाते हुए माता-पिता को दिया संदेश, बच्चों को दें सत्संग व पुस्तकें

भिलाई। संत निरंकारी मंडल ब्रांच दुर्ग-भिलाई द्वारा संयोजक स्तरीय बाल समागम का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास सहित जामुल, अहिवारा, उरला के बच्चें व अभिभावक उपस्थित रहे। इस दौरान बच्चों ने नाटक, नृत्य व संगीत के माध्यम से बाल सत्संग के लाभ व समाज सेवा कार्य करते रहने का संदेश दिया। जिसे देखकर समाज के वरिष्ठ जनों बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रस्तुतियों की सराहना की। संत निरंकारी मंडल द्वारा बचपन से ही बच्चों को अध्यात्म से जोड़े रखने के लिए सत्संग व सेवा सिखाई जाती है।

### सत्संग व अच्छी पुस्तकें पढ़ने के लिए करे प्रेरित

बच्चों को बचपन से ही सत्संग में लाना बहुत जरूरी है, ताकि घर-परिवार में प्रेम और सत्कार हो यही व्यवहारिक सीख निरंकारी मिशन दे रहा है। इसी कड़ी में रविवार को संत निरंकारी सत्संग भवन दीपक नगर दुर्ग में आयोजित बाल समागम में बच्चों ने सतगुरु माता सुदीक्षा की शिक्षा एकत्व का संदेश दिया। बच्चों में मोबाइल के दुष्प्रभाव को दर्शाते हुए माता-पिता को संदेश दिया कि वे ही बच्चों को सही मार्गदर्शन दे सकते है जब अभिभावक ही मोबाइल में लगे रहेंगे तो बच्चे भी वही सीखेंगे। इस नाटक के माध्यम से बच्चों को खाली समय में सत्संग, अच्छी पुस्तकें पढ़ने प्रेरित किया गया।



### बाल संत समागम क्यों

आज के समय में जहां बच्चे कुसंगति का संग कर घर व समाज का माहौल खराब कर रहे है, तो वहीं मंडल के बच्चों को परिवार से जुड़े रहने की सीख दी जा रही है। संत निरंकारी मंडल का उद्देश्य बाल समागमों के द्वारा सभी बच्चों को आध्यात्म की ओर प्रेरित करना है। इन्हीं शिक्षाओं को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष बच्चें अपनी अध्यात्म की शिक्षाओं को नृत्य, गीत, नाटक के माध्यम से प्रस्तुत करते है इस आयोजन को ही बाल संत समागम कहा जाता है।



### पंजाबी सांग में बच्चों के साथ बड़े लगे झूमने

इस दौरान भांगड़ा नृत्य करते हुए ईश्वर का संदेश हम सब एक है कि प्रस्तुति में बच्चों के साथ बड़े भी झूमने लगे। छोटे-छोटे बच्चों ने मनमोहक आध्यात्मिक प्रस्तुति देकर उपस्थित संगत का मन मोह लिया। छत्तीसगढ़ लोक कला को समर्पित पंथी नृत्य एवं फुगड़ी की शानदार प्रस्तुति जामुल के बच्चों ने दी। सूफी सांग ने सभी को भाव विभोर कर दिया।





### बच्चे सेवाकार्य में रहते हैं सक्रिय

बाल संतो को पंच राम साहू जामुल, दुर्ग संयोजक इंदरजीत निरंकारी व भिलाई संयोजक सतपाल सैनी ने अपने उद्बोधन में बच्चों की प्रतिभा व सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि निरंकारी मंडल के बच्चे अध्यात्म के क्षेत्र में बचपन से सक्रिय रहते है अच्छी शिक्षा कभी गलत रास्ते पर नही ले जाती। सिंधी, पंजाबी, उड़िया व अन्य भाषाओं में निरंकारी मिशन अनेकता में एकता का संदेश देती है। रीना ने कहा कि कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने हमें बड़ी शिक्षा दी। ईश्वर के प्रति बच्चों में विश्वास भरना हम अभिभावकों का ही कार्य है। जब बच्चा बाल संगत से जुड़ जाता है तो वे बच्चे गलत दिशा में अपना कदम नही बढ़ाते। वे सदाचार की दिशा तय करते है और जब माता-पिता बच्चों में विश्वास भरते है तो वही बच्चे इंसानियत का पाठ पढ़कर निकलते है। इस समागम में दुर्ग-भिलाई के साथ ही जामुल, उरला, अहिवारा के बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। इस आयोजन में सविता निरंकारी, निकिता डिंगा, गंगा मखीजा, मयूरी वर्मा, आरती वर्मा, नम्रता नायक, तुलसी, सुभानशी चक्रवर्ती, श्रेया ठकवानी, निशा, पूजा मखीजा, रोशन, गुलशन, तरुण, अतित्व, खुश्बू, तुलसी, उमा साधवानी, मुस्कान एवं अन्य युवाओं का विशेष सहयोग रहा।

# मां कल्याणी शीतला समिति का पुनर्गठन समाज हित में कार्य करने लिया संकल्प

**भिलाई।** मां कल्याणी शीतला समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष शैलेंद्र शेण्डे को बनाया गया। समिति के प्रमुख संरक्षक व चुनाव अधिकारी पुन्नू यादव के मार्गदर्शन में चुनाव कराया गया, जिसमें सर्वसम्मति से शैलेंद्र शेण्डे अध्यक्ष, अश्वनी वनपाल व रमेश वर्मा उपाध्यक्ष, चोवाराम निषाद सचिव, सुरेंद्र शर्मा प्रचार सचिव, पूनमचंद सपहा सहसचिव, विमल दास मानिकपुरी सांस्कृतिक सचिव, मुख्तार यादव कोषाध्यक्ष तथा कार्यकारिणी सदस्य विधि यादव पार्षद, शंभू पटेल, संतोष यादव, माधव माझी एवं संतोष चंद्राकर चुने गए।



### शैलेंद्र को मिली नई जिम्मेदारी

नई कार्यकारिणी ने प्रमुख संरक्षक पुन्नू यादव, प्रमुख सलाहकार व संरक्षक अरुण वर्मा तथा संरक्षक मंडल सदस्य के रूप में तेजराम साहू, विलासराव बोरकर तथा मूलचंद वर्मा को मनोनीत किया गया। मंदिर प्रबंधन के लिए रविंद्र किलोर, शरद बिस्वाल तथा देव कुमार शर्मा का मनोनयन हुआ। चुनाव प्रक्रिया में नगीना यादव, हेमलाल चंद्रवंशी, दद्दू ठाकुर, मुकेश यादव एवं सुक्खू ठाकुर का विशेष योगदान रहा। इस दौरान नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सामंजस्य का निर्माण कर समिति एवं समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

# प्रकाश की ओर ले जाता है बुद्ध का मार्ग, बुद्ध पूर्णिमा पर बंटी खीर-पूड़ी



**भिलाई।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन झिरिया पारा रुआबांधा बस्ती में किया गया। इस दौरान भगवान बुद्ध और बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर बुद्ध वंदना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद एवं छत्तीसगढ़ रजक विकास बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन के सदस्य राजेन्द्र रजक ने कहा कि अंधकार के दौर में महात्मा बुद्ध का मार्ग ही हमें प्रकाश की ओर ले जाता है। सभा को संबोधित करते हुए डॉक्टर उदय धाबर्डे ने भगवान बुद्ध के उपदेशों को विश्व के लिए उपयोगी बताया साथ ही बुद्ध के मार्ग पर चलने की अपील की। इस दौरान आमंत्रित लोगों को खीर-पूड़ी वितरित की गई और प्रेरणा धाबर्डे ने उपस्थित जन समुदाय को आइसक्रीम खिलाई। उपस्थित लोगों को बौद्ध समाज के अध्यक्ष सुभाषिनी चौहान, पेनुक नेताम संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, सामुएल समद समाज सेवी, विकास कन्नौजिया, हर्ष राव, ऋतिक रंजन, गौरव रजक और गुलाब दास आदि मौजूद थे।

**पंजाबी ब्राह्मण समाज की वार्षिक आमसभा में दिखा उत्साह**

# न भूलें अपनी मातृभाषा, सामाजिक आयोजन से बढ़ता है आपसी भाईचारा, बच्चे हुए सम्मानित

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। छत्तीसगढ़ पंजाबी ब्राह्मण समाज की वार्षिक आमसभा व प्रतिभावान बच्चों, समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान समारोह आर्य समाज भवन सेक्टर 6 में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व प्रबंध निदेशक पंकज गौतम व विशेष अतिथि के रुप में श्रीमती गौतम उपस्थित थीं।इस दौरान श्री गौतम ने कहां कि अपनी मातृभाषा को कभी नहीं भूलना चाहिए। समाज के ऐसे कार्यक्रम करने से समाज में भाईचारा बढ़ता है व समाज को मजबूत करने में सहयोग मिलता है।





### सम्मान से बच्चों को मिलता है प्रोत्साहन

उन्होंने कहा कि पिछले बार जब मैं समाज के कार्यक्रम में उपस्थित हुआ था उसकी अपेक्षा समाज में अधिक मजबूती दिखाई दे रही है। आने वाले समय में यह समाज एक अलग ही पहचान बनाएगी। उन्होनें कहा कि ऐसे कार्यक्रम करने से बड़ों का आर्शीवाद मिलता है तो वही बच्चों के सम्मान से बच्चों को प्रोत्साहन मिलता है। समाज के अध्यक्ष विनोद शारदा गुप्ता ने कहा कि समाज में बाकी बचे लोगों को जोड़ने का काम किया जा रहा है। जिसके सुखद परिणाम भी आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज के स्वयं के भवन को लेकर प्रक्रिया जारी है, शीघ्र ही इसकी सार्थकता भी सामने आएगी। कार्यक्रम में महासचिव राकेश शर्मा ने समाज का प्रतिवेदन पढ़ते हुए कहा कि समाज में अनेक सामाजिक व अन्य गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है उन्होंने समाज के सभी सदस्यों से समाज में जोड़ने अपील की। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप कौर शर्मा तथा आभार प्रदर्शन यतीन पुरंग ने किया।

## सिटी लाइव

### पक्षियों के दाना-पानी का इंतजाम करने प्लास्टिक से बनाए होममेड सकोरे



**भिलाई।** नौ तपा शुरु हो चुका है और सूरज भी अपना प्रचंड रुप दिखाने कोई कसर नही छोड़ रहा है। ऐसे में जहां लोग गर्मी से परेशान हो रहे है तो वही पक्षियों के दाना-पानी का इंतजाम करने भिलाई की महिलाएं आगे आ रहीं है। भीषण गर्मी से पक्षियों के बचाव के लिए सुकृति सोशल एंड वेलफेयर सोसाइटी की महिलाओं ने प्लास्टिक के बेकार सामानों से होममेड सकोरे तैयार कर वितरण कर रहीं हैं साथ ही पर्यावरण संरक्षण दिवस के लिए पांच सौ बीज बल्क के लिए तैयार किया गया है। जिसमें अमलतास, गुलमोहर, करंज, सीताफल, नीम, जामुन, इमली के बीजों का उपयोग किया गया है। संस्था की फरीदा बेगम ने बताया पक्षियों के लिए यह काम को करते हुए हमें संतोष है कि हमारी संस्था पर्यावरण को बचाने के लिए अपना सहयोग दे रहीं हैं। इस नेक कार्य में संस्था की सुधा शर्मा, विजया, निर्मला, पुष्पा तिवारी, तारनी साहू, बाबी दिल्लीवार, रानी कुम्भकार, ग्लोरी पारकर, गायत्री गोस्वामी, मंजुला गुप्ता अपना योगदान दे रही है।

- सुकृति सोशल एंड वेलफेयर सोसाइटी की महिलाएं कर रहीं सकोर का वितरण

## धर्म लाइव

### आचार्य प्रवर मुनी से मिलकर सांसद ने लिया आशीर्वाद




**भिलाई।** जैन समाज के द्वारा रविवार को दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल शामिल होकर समाज के लोगों से मिले। इस दौरान वे आचार्य प्रवर श्रीश्री 1008 रामलालजी म.सा. से मिलकर गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। सांसद दीक्षा लेने वाले भक्त जनों से मिलकर उनके आगे के जीवन की मंगलकामना की। दुर्ग श्री संघ की अनन्त पुण्यवाणी से नानेश पट्टधर, प्रशांतमना, तरुण तपस्वी, युग निर्माता, परमागम रहस्य ज्ञाता, व्यसन मुक्ति के प्रणेता, सिरीवाल प्रतिबोधक, वचन सिद्धि के घारक के मुखारविंद एवं बहुश्रुत वाचनाचार्य उपाध्याय प्रवर राजेशमुनि म.सा. आचार्य प्रवर श्रीश्री 1008 रामलाल म.सा सहित अनेक एवं अनेक मुनियों के सानिध्य में दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुमुक्षु सौरभ संचेती सुपुत्र डेलाबाई संचेती स्व. महावीरचंदजी संचेती, मुमुक्षु सुश्री प्रणिता वाफना सुपुत्री निर्मलादेवी बाफना, बसंतकुमार बाफना, मुमुक्षु सुश्री शैली बाफना सुपुत्री रोमादेवी बाफना, विनेशकुमार बाफना की जैन भगवती दीक्षा 9 जून को शुभ मुहूर्त में बेगूं राजस्थान में संपन्न की जायेगी है। जहां दीक्षार्थी भाई एवं बहनों के संयम पथ की अनुमोदना के लिए दुर्ग में आयोजित कार्यक्रमों में सकल श्री संघ के साथ सपरिवार आयोजन में उपस्थित रहने समाज दवरा लोगो से अपील की गई।

- सांसद ने दीक्षार्थियों के संयम पथ पर चलने की मंगलकामना

## सिटी इवेंट

### पशु-पक्षियों के लिए घर की छत और आंगन में करते हैं दाना-पानी का इंतजाम



**भिलाई।** शिक्षाविद् डॉ महेश चन्द्र शर्मा सेवानिवृत्ति के बाद अपनी सृजनशीलता, बागवानी, क्रियाशीलता, गीत-संगीत और लेखन आदि के पूरी तरह सक्रिय हैं। पर्यावरण के संदर्भ में रेमन मैग्सेसे अवार्डी डॉ राजेन्द्र सिंह का सान्निध्य डॉ.शर्मा को मिला। डा.राजेन्द्र सिंह के साथ पर्यावरण कार्यक्रम में आचार्य डॉ शर्मा ने प्रकृति संतुलन पर सार्थक चर्चा की। डॉ शर्मा पर्यावरण व पशु-पक्षी प्रेमी है। उनके द्वारा भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए दाना-पानी व पशुओं के लिए घर के बाहर पानी का इंतजाम किया जाता है जिसके लिए उनका परिवार भी पूरी तरह सर्मित है।

उल्लेखनीय है कि उच्च शिक्षा की 42 वर्ष की सेवा से रिटायर होने के बाद डॉ. शर्मा साहित्य, समाज, प्रकृति, पर्यावरण और पशु पक्षियों की सेवा में लगे हुए है। प्राध्यापक और प्राचार्य रहते हुए भी उन्होंने कालेजों में पर्यावरण अध्ययन की कक्षायें लीं। लगभग तीस वर्ष का इस अनिवार्य विषय के पठन-पाठन और लेखन-प्रकाशन का उनका अनुभव रहा है। वे विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट फाइल मटेरियल भी देते है जिसके लिए आज भी अनेक महाविद्यालयों में उन्हें आमंत्रित किया जाता है।

- डॉ . शर्मा को मिला जलपुरुष राजेंद्र का सानिध्य

---

● आर्य समाज की पहल सर्वांग सुंदर व्यायाम एवं नियुद्धम का प्रशिक्षण ले रही हैं युवतियां

# वीरांगनाओं के देश में अब युवतियों के लिए चंद्रमुखी नहीं ज्वालामुखी बनने का वक्त आ गया

**भिलाई।** आर्य समाज आर्य नगर की पहल पर युवतियों को सर्वांग सुंदर व्यायाम एवं नियुद्धम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आर्य समाज के प्रधान संजय देशमुख आर्य ने बताया कि पहले प्रशिक्षण शिविर मात्र एक सप्ताह के लिए लगाया जा रहा था। बच्चों एवं युवाओं के उत्साह को देखते हुए इसे एक माह के लिए और बढ़ा दिया गया है। जो बच्चे विद्यालय व अन्य रूटीन के कारण पहले नहीं आ पाए थे अब वह लगातार व्यायाम प्रशिक्षण के लिए उपस्थित हो रहे हैं।



### लड़कियां ले रही लाठी चलाने का प्रशिक्षण



शिविर में अपने विचार व्यक्त करते हुए साक्षी आर्य ने कहा कि यह शिविर शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए बहुत ही उपयोगी है। व्यायाम के द्वारा हम शारीरिक उन्नति को प्राप्त करते हैं। दिन की शुरुआत व्यायाम से करने से दिनभर हमारी ऊर्जा बनी रहती है। समय समय पर वैदिक विद्वानों के विचार करने सुनने को मिलते हैं। इससे मानसिक विकास होता है और हमें देश और समाज के लिए कुछ करने के लिए प्रेरणा मिलती है। शिविर को आचार्य डॉ. अजय आर्य, दिलीप आर्य , अंकित शर्मा, सतीश दादाजी आदि ने संबोधित किया है जिससे हमें बहुत प्रेरणा मिली और समाज के लिए कुछ करने की इच्छा हुई । शिविर में रूपेंद्र आर्य द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लड़कियों को लाठी चलाने का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### वीरांगनाओं का देश है भारत

छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा मंत्री अवनी भूषण पुरंग ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि हमारा भारत वीरांगनाओं का देश है। रामायण में कैकई के युद्ध में जाने का वर्णन मिलता है। विपरीत परिस्थितियों में देश की सेवा में महिलाओं ने अग्रणी भूमिका निभाई है।

### महिलाएं टीवी तक सीमित नही

डॉ अजय आर्य ने कहा अब चंद्रमुखी नहीं ज्वालामुखी बनने का वक्त आ गया है। देश और समाज का निर्माण करने के लिए महिलाओं को आगे आना होगा। इस शिविर में आकर की यह अनुभव होता है कि महिलाएं टीवी में दिखाएं जाने वाले विज्ञापन तक सीमित नहीं है। महिलाओं के अंदर भी हमारे पूर्वजों का खून है जो देश का स्वर्णिम इतिहास लिख सकता है किसी देश में देवी दुर्गा ने महिषासुर का वध किया था। रानी अवंती बाई लोधी ने स्वतंत्रता के लिए अपना बलिदान दिया था। रानी लक्ष्मीबाई, झलकारी बाई जैसी महान महिलाओं का इतिहास पढ़ना और सुनना चाहिए। प्रतिदिन यह शिविर सुबह 6.30 से 8 बजे तक आर्य नगर आर्य समाज में निशुल्क संचालित किया जा रहा है। शिविर की समयावधि बढ़ाएं जाने पर भाग लेने के लिए सभी लोग क्लास में उपस्थित हो सकते हैं। कार्यक्रम में रूपेंद्र आर्य, साक्षी आर्या, कृष्णमूर्ति आर्य, कविता, हिमांशु, खुशी, परी, राजलक्ष्मी, वेदांशी, निधि, किरण, प्रियंका, लीना, आयुष, आकाश, राहुल, संजय, मनोज, दिलीप आर्य सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

## सम्मान

### बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने केंद्रीय विद्यालय को मिला शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार




**भिलाई।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग को शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए द्वीतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ ही गुणवत्तापूर्ण परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय को यह पुरस्कार दिया गया है। केंद्रीय विद्यालय दुर्ग केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर संभाग का एक महत्वपूर्ण विद्यालय है। रायपुर संभाग में 37 केंद्रीय विद्यालय है, जिनमें 37233 विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। उसके साथ ही 1820 कर्मचारी वर्तमान में कार्यरत हैं। केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर संभाग के उपायुक्त विनोद कुमार, सहायक आयुक्त रविंद्र कुमार एवं विवेक चौहान ने बिलासपुर में आयोजित प्राचार्य सम्मेलन में केंद्रीय विद्यालय दुर्ग को उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सम्मानित किया।

केंद्रीय विद्यालय दुर्ग को शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए द्वितीय पुरस्कार एवं समग्र मूल्यांकन की दृष्टि से तृतीय पुरस्कार एवं राजभाषा प्रयोग के लिए तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। शैक्षिक उत्कृष्टता में केवी बिलासपुर पहले स्थान तथा सीआई एस एफ तीसरे स्थान पर रहा है। राजभाषा प्रयोग में रायपुर शिफ्ट 2 प्रथम एवं कवर्धा द्वितीय रहा । केंद्रीय विद्यालय दुर्ग के प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों के सिर्फ एकेडमिक ही नहीं अपितु सर्वांगीण विकास के लिए वे कृत संकल्पित हैं। वे अपने शिक्षकों की टीम के साथ हमेशा बच्चों की समस्याओं का समाधान करने और उनका मार्गदर्शन करने के लिए तत्पर रहते हैं। इस अवसर पर उन्होंने अभिभावकों विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने विद्यालय की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया ।

## समर कैंप का आयोजन

### विविध कौशल सीखकर बच्चों की निखर रही हैं प्रतिभाएं



**भिलाई।** शिक्षा विभाग की पहल पर सभी विद्यालयों में बच्चों को विभिन्न कौशल में पारंगत करने समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जहां बच्चें खेलकूद के साथ ही नृत्य, संगीत, पेंटिग सहित अन्य विधाओं में पारंगत हो रहे है। संकुल सेमरिया विकासखंड धमधा दुर्ग में प्रतिदिन समर कैंप का आयोजन किया गया है। शिक्षा विभाग की पहल पर जिला प्रशासन और जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश से सभी शालाओं में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न विधाओं पर कक्षा संचालित हो रही है। शासकीय प्राथमिक शाला पेंड्रीतराई, कोकड़ी और पूर्व माध्यमिक शाला में बच्चें सीख रहे हैं।

**शिक्षा विभाग की पहल पर किया योगाभ्यास**

---

## कार्नर न्यूज

विस अध्यक्ष डॉ.रमन ने नेचुरोपैथी सेन्टर व पेन्टिंग प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

# एलोपैथी के दुष्प्रभावों से लोग हताश, ऐसे में नेचुरोपैथी उपचार एक बेहतर विकल्पः डॉ रमन

### पाई आर्ट फाउंडेशन व ललित कला अकादमी का आयोजन

**भिलाई।** पाई आर्ट फाउंडेशन एवं ललित कला अकादमी के तत्वावधान में पेन्टिंग प्रदर्शनी तथा नेचुरोपैथी सेन्टर का ब्लीज इंटरनेशनल सोमनी में उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, सांसद विजय बघेल एवं संतोष पांडे उपस्थित रहे।

इस दौरान रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, खूबचंद पारख, सचिन बघेल, अनूप श्रीवास्तव, ललित जैन, मदन सेन, रमेश कुमार श्रीवास्तव, कुमुद श्रीवास्तव, डॉ. प्राची, विजय शर्मा, मोहन बराल, मो. नफीज तथा साहित्यकार मेनका वर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे।




### नेचुरोपैथी सेन्टर व कलाकारों को शुभकामनाएं दी

इस दौरान ब्लीज इंटरनेशनल में नेचुरोपैथी सेन्टर का उद्घाटन करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इसे भारतीय चिकित्सा पद्धति की एक बड़ी सौगात कहा। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया आज एलोपैथी के दुष्प्रभावों से हताश है और ऐसे समय में भारत का आयुर्वेदिक उपचार एक बेहतर विकल्प हो सकता है। उन्होंने रमेश श्रीवास्तव के योगदान को मील का पत्थर निरूपित किया जो यहां ऐसी सुविधाएं मुहैया करा रहे है। वहीं सांसद विजय बघेल व संतोष पांडे ने नेचुरोपैथी सेन्टर व कलाकारों को शुभकामनाएं दी।



### राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों ने की शिरकत

उल्लेखनीय है कि 19 मई को सोमनी में एक दिवसीय पेन्टिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर के पचासों कलाकारों ने शिरकत किया था। प्रदर्शनी में खैरागढ़ विश्वविद्यालय के पूर्व डीन शिव प्रसाद चौधरी, चित्रकार हरीसेन, बी.एल. सोनी, कपिल वर्मा, किशोर शर्मा, रोहिणी पाटणकर, विनिता गुप्ता, बृजेश तिवारी, खेमलता देवांगन, पापाराव, प्रमोद श्रीवास्तव, भूपत राव बोरकर, उमाकांत ठाकुर, सारिका गोस्वामी, नेहा देवांगन, समीर, सिमरन, प्रीति, स्तुति, गुंजन, जयप्रभा, रंजीत सिंह भाटिया, रिद्धिमा दत्ता, राहुल दत्ता, प्रीति, श्यामा, मिर्ज़ा रफी, नरगिस मिर्ज़ा, रिद्धिमा पांडे, सोनल, तमन्ना, भूपेंद्र, पी. शीतल राव, गनिका, नवांशु, अराध्या, अनन्या, अभिषेक सपन, नायरा रंगारी, माही पाटणकर की पेन्टिंग प्रदर्शित की गई है। इस आयोजन में मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी, प्रवीण कालमेघ एवं डॉ. अंकुश देवांगन का विशेष योगदान रहा। यह प्रदर्शनी 4 जून तक दर्शकों के लिए ब्लीज इंटरनेशनल में निशुल्क जारी रहेगी।

## ज्योतिष शास्त्र

### इन राशि के लोगों को 3 जून से मिलेगा भाग्य का पूरा साथ, छप्पड़ फाड़ बरसेगा धन



ज्योतिष शास्त्र के अनुसार हर ग्रह एक निश्चित समय के बाद राशि परिवर्तन करता है। ग्रहों की इस प्रक्रिया की वजह से राशिचक्र पर शुभ-अशुभ प्रभाव होते है। ग्रहों के उल्टी और सीधी चाल का प्रभाव भी राशिचक्र पर होता है। इसी कड़ी में आगामी 03 जून सोमवार को रात 3 बजकर 21 मिनट पर वृषभ राशि में गुरु उदय होगा। गुरु उदय का शुभ प्रभाव राशिचक्र की 3 राशियों पर होने वाला है। चलिए जानते है उनके बारे में।

**वृषभ राशि** – ज्योतिष शास्त्र के अनुसार वृषभ राशि में गुरु उदय होने जा रहा है। गुरु वृषभ राशि में गोचर करेंगे तो इस राशि के जातकों को विशेष लाभ प्राप्त होंगे। इन जातकों की आर्थिक स्तिथि में जबरदस्त मजबूती देखने को मिलेगी। साथ ही इनकी आय में भी बढ़ोतरी होगी। वृषभ राशि के नौकरीपेशा लोगों के वेतन में बढ़ोतरी होने की संभावना बनेगी। इसके अलावा कार्यक्षेत्र में अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पहले से कड़ी मेहनत करनी होगी, जिसका लाभ भी मिलेगा।

**कर्क राशि** – ज्योतिष शास्त्र के अनुसार वृषभ राशि में गुरु उदय का शुभ प्रभाव कर्क राशि के जातकों को भी मिलेगा। इन जातकों को भाग्य का भरपूर सहयोग मिलेगा। साथ ही इनके अटके हुए काम भी पूरे होने के योग बनेंगे। जातकों के आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लग रहे तथा विदेश में पढ़ाई करने का सपना देख रहे छात्रों को सफलता मिलने की संभावना बन रही है। जीवनसाथी के साथ प्रेम बढ़ेगा।

**सिंह राशि** – ज्योतिष शास्त्र के अनुसार गुरु उदित होने से सिंह राशि वालों के व्यापारियों को आर्थिक लाभ होने जा रहे हैं। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में सुखद परिणाम प्राप्त होंगे। इन जातकों के वेतन में भी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। साथ ही प्रमोशन मिलने की चांस भी अधिक है। नौकरी परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। व्यापारियों को बड़ा धन लाभ और कारोबार विस्तार हो सकता है। गुरु उदय के चलते जातकों को आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

### मंगल ग्रह 1 जून को करेंगे राशि परिवर्तन, दिलाएंगे मनचाही सफलता



ज्योतिष शास्त्र के अनुसार हर ग्रह एक निश्चित समय के बाद राशि परिवर्तन करते है। इस परिवर्तन को गोचर के नाम से जाना जाता है। इसी कड़ी में जून महीने में मंगल ग्रह अपना स्थान परिवर्तन करेंगे। मंगल के इस गोचर का शुभ लाभ चार अलग-अलग राशियों को होने वाला है। लाल ग्रह के नाम से पहचाने जाने वाले मंगल ग्रह को पराक्रम, साहस, शक्ति, ऊर्जा आदि का कारक माना गया है। किसी भी व्यक्ति की कुंडली में मंगल की स्थिति मजबूत होने पर उसके जीवन में पद-प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी देखने को मिलती है। साथ ही व्यक्ति साहसी, निडर और ऊर्जावान भी बनता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार 01 जून को मंगल मेष राशि में प्रवेश करेंगे। इस दौरान कई शुभ योग निर्मित होंगे, जिससे नीचे दी गई चार राशियों को लाभ होने वाला है।

**मेष राशि**- मंगल गोचर मेष राशि के जातकों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होगा। इसके प्रभाव से छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के योग बनेंगे। साथ ही रियल एस्टेट अथवा प्रॉपर्टी से जुड़े व्यवसाय में अच्छे लाभ के अवसर बनेंगे। इसके अलावा इस राशि के जातकों के विदेश जाने के अवसर बन सकते है।

**धनु राशि**- मंगल के राशि परिवर्तन से धनु राशि के जातकों को इंपोर्ट और एक्सपोर्ट के कारोबार में फायदा मिलेगा। इन्हें कारोबार में अच्छा मुनाफा मिल सकता है। इन जातकों को विदेश जाकर पढ़ाई करने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही भाई-बहनों का साथ मिलेगा और परिवार के साथ क्वालिटी समय व्यतीत होगा।

**कुंभ राशि**- कुंभ राशि के जातकों को भी मंगल गोचर का लाभ मिलने वाला है। व्यापार के लिहाज से धन निवेश करेंगे तो अच्छा लाभ मिलने के योग निर्मित होंगे। कोर्ट-कचहरी के मामले सुलझ सकेंगे। साथ ही नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन और सैलरी में बढ़ोतरी मिलेगी। जीवनसाथी की सेहत चिंता में डाल सकती है।

**मीन राशि**- मंगल के गोचर का अनुकूल परिणाम मीन राशि के लोगों पर भी दिखाई देगा। इन राशि के जातकों को हर मामले में सफलता मिलती दिखाई दे रही है। मनचाही नौकरी के अवसर प्राप्त हो सकते है। साथ ही नौकरी में प्रमोशन के योग भी बन रहे है। विदेश जाने के अवसर खुलेंगे।

---

#### किसी को इलायची से बना शरबत दिया जाए तो उसके पूरे शरीर में घुल सकती है ठंडक

# पेट की जलन दूर करेगा इलायची का शरबत एसिटिडी भी खत्म होगी, इस तरीके से करें तैयार

इलायची का शरबत बॉडी कूल रखने में बेहद मददगार होता है। इलायची की तासीर ठंडी होती है और इससे बना शरबत तरोताजा रखने के साथ शरीर को ठंडा भी रखता है। इलायची में एटी बैक्टीरियल और एंटी एलर्जिक प्रॉपर्टीज भी पायी जाती है जो शरीर को स्वस्थ्य रखने का काम करती है। इलायची का शरबत पेट की गर्मी शांत करने के साथ ही एसिडिटी को कम करने में भी मदद करता है।

गर्मी के दिनों में जब सूरज आग उगल रहा है उस वक्त किसी को इलायची से बना शरबत परोस दिया जाए तो उसके पूरे शरीर में ठंडक घुल सकती है। इलायची का शरबत बहुत लाभकारी होने के साथ बनाने में भी आसान होता है।

### इलायची शरबत कैसे बनाएं?

सामग्री
इलायची पाउडर - 1 टी स्पून
चीनी - स्वादानुसार
काला नमक - 1/2 टी स्पून
नींबू रस - 2 टी स्पून
नींबू स्लाइस - 2
आइस क्यूब्स - 8-10
ठंडा पानी - 4 कप



### इलायची शरबत बनाने का तरीका

गर्मी के दिनों में इलायची शरबत पीना बहुत फायदा करता है। इसे बनाना भी बहुत सरल है। इसके लिए सबसे पहले इलायची को छीलें और उसके दाने निकालकर खलबत्ते में कूटकर पाउडर बना लें। इसके बाद एक बड़ा बर्तन लें और उसमें 4 कप ठंडा पानी डालें। इसके लिए पानी को पहले से ही फ्रिज में ठंडा करने के लिए रख सकते हैं। अब पानी में स्वादानुसार चीनी डालकर घोलें। इसके बाद पानी में काला नमक, नींबू का रस और इलायची का पाउडर डालकर चम्मच की मदद से सभी चीजों को घोल लें। इसके बाद शरबत वाले बर्तन में 5-6 बर्फ के टुकड़े डालकर 1-2 मिनट के लिए छोड़ दें। इससे शरबत एकदम ठंडा हो जाएगा। इसके बाद इलायची शरबत को गिलास में डाल दें और ऊपर से एक-दो आइस क्यूब्स डालकर सभी सर्व करें।



### इलायची शरबत के फायदे

इलायची का शरबत पीने से शरीर को कई तरह के लाभ मिलते हैं। गर्मी में पेट संबंधी समस्याओं में इलायची का शरबत लाभकारी होती है। इससे पेट की जलन दूर होती है और एसिडिटी की समस्या में भी राहत मिलती है। इलायची का शरबत शरीर में शीतलता प्रदान करने के साथ बॉडी को डिहाइड्रेशन से बचाता है। इलायची में पायी जाने वाली प्रॉपर्टीज कोलेस्ट्रॉल घटाकर दिल को हेल्दी बनाए रखती हैं। इलायची शरबत पीने से मुंहासे की समस्या में भी कमी आती है।

---



## लटकती तोंद सबके सामने कर देती है शर्मिंदा, इन टिप्स से पेट हो जाएगा अंदर

बढ़ता वजन किसी की भी पेशानी पर शिकन लाने के लिए काफी है। बहुत से लोग अपनी लटकती तोंद की वजह से बेहद परेशान रहते हैं। बढ़ा हुआ पेट न सिर्फ आपको बेडौल बना देता है, बल्कि इस वजह से कई बीमारियों के होने का खतरा भी बढ़ जाता है। आप अगर लाइफस्टाइल कंट्रोल करने के बाद भी वजन कम नहीं कर पा रहे हैं तो पेट और कमर की चर्बी कम करने में कुछ घेरलू उपाय आपकी मदद कर सकते हैं।

मोटापा किसी को भी परेशान कर सकता है। लटकती तोंद की वजह से आपको शर्मिंदा होना पड़ता है तो कुछ घरेलू टिप्स वजन घटाने में आपके काम आ सकते हैं। बता दें कि ज्यादातर मामलों में मोटापे की बड़ी वजह आपकी खराब जीवनशैली होती है। आप अगर अपने बढ़े हुए वजन से मुक्ति पाना चाहते हैं तो कुछ घरेलू उपाय आजमा सकते हैं। कुछ ही दिनों में इन घरेलू उपायों का असर आपको देखने को मिल सकता है।

### 5 घरेलू उपाय कम कर सकते हैं मोटापा

दालचीनी का घरेलू नुस्खा - एंटी बैक्टीरियल गुणों से भरपूर दालचीनी मेटाबॉल्जिम को तेज कर वजन घटाने में मददगार होती है। इसका घरेलू नुस्खा बेहद असरदार हो सकता है। सबसे पहले 200 मिलीग्राम पानी लें और उसमें 5-6 ग्राम दालचीनी पाउडर डालकर 15 मिनट उबालें। पानी को छानें और गुनगुना होने दें, फिर इसमें एक चम्मच शहद मिलाकर सुबह और रात खाली पेट पिएं।

### अदरक-शहद का घरेलू नुस्खा



वजन घटाने में अदरक और शहद का घरेलू नुस्खा भी कारगर होता है। इसके लिए 30 मिलीग्राम अदरक का रस लें और उसमें 2 चम्मच शहद मिक्स करें। इसे पीने से मेटाबॉलिज्म फास्ट हो जाएगा और एक्स्ट्रा फैट तेजी से कम होगा। इस नुस्खे को भी सुबह और रात में खाली पेट लेना फायदेमंद होता है।

### सेब के सिरके का घरेलू नुस्खा

लटकती तोंद को कम करने में सेब के सिरके का घरेलू नुस्खा भी असरदार होता है। इसके लिए एक गिलास पानी लें और उसमें एक चम्मच सेब का सिरका डालें और फिर 1 चम्मच नींबू रस भी मिला दें। इसे पीने से पेट लंबे वक्त तक भरा महसूस होता है और यह लिवर में जमे फैट को भी कम करता है।

**अश्वगंधा का घरेलू नुस्खा** – आयुर्वेद में अश्वगंधा को बेहद गुणी औषधि बताया गया है। इस नुस्खे के लिए अश्वगंधा के दो पत्ते लें और उनका पेस्ट बनाएं। इसे सुबह खाली पेट गरम पानी के साथ सेवन करें। कुछ ही वक्त में पेट की चर्बी कम होती दिखाई दे सकती है।

**इलायची का घरेलू नुस्खा** – खाने के बाद माउथ फ्रेशनर के तौर पर बहुत से लोग इलायची खाते हैं। भोजन में भी इसका जमकर उपयोग होता है। वजन कम करने में भी इलायची का नुस्खा काम कर सकता है। इसके लिए रात में सोने से पहले दो इलायची खाएं और गर्म पानी पीकर सो जाएं। कुछ ही वक्त में वजन कम होने के रूप में नुस्खे का असर दिख सकता है।

---

## मेहंदी लगाते वक्त की गलतियां इस्तेमाल से पहले जानें सही तरीका

बालों के लिए मेहंदी का इस्तेमाल काफी फायदेमंद होता है। यही वजह है कि बालों को नेचुरल कलर देने या बालों को सॉफ्ट सिल्की बनाने के लिए सदियों से इसका इस्तेमाल हेयर केयर में किया जाता रहा है। मेहंदी की मदद से आप बालों को कलर भी कर सकते हैं और ग्रे बालों की समस्या को दूर कर सकते हैं। चूंकि इसमें केमिकल नहीं होता इसलिए हेयर कलर के तौर पर इसका इस्तेमाल काफी फेमस है लेकिन मेहंदी बालों में अधिक से अधिक फायदा पहुंचाए, इसके लिए जरूरी है कि इसे सही तरीके से इस्तेमाल में लाया जाए। यहां हम बता रहे हैं कि बालों में जब भी मेहंदी लगाएं तो किन गलतियों को करने से बचें।



### तुरंत घोलकर नहीं लगाना चाहिए

बालों में अगर मेहंदी का रंग अच्छी तरह चढ़ाना है तो जरूरी है कि इसे कम से कम 12 घंटे जरूर भिगोकर रखें। इस तरह मेहंदी का रंग अच्छे से चढ़ेगा। बेहतर होगा कि आप लोहे के बर्तन में इसे एक दिन पहले घोल कर रख दें और दूसरे दिन बालों में लगाएं। इससे इसका रंग काफी दिनों तक ज्यों का त्यों बना रहेगा।

### एक दिन पहले अच्छे से धो लें बाल

मेहंदी लगाने के पहले जरूरी है कि आपके बाल में किसी तरह की तैलीय चीज मौजूद ना हो। ऐसा करने से प्रोडक्ट का असर काफी कम हो जाता है। कई लोग तो सिर में तेल लगाकर मेहंदी अप्लाई कर देते हैं। ऐसा ना करें। जिस दिन सिर में मेहंदी लगाना हो उससे एक दिन पहले सिर को शैंपू से साफ कर लें।

### नींबू का इस्तेमाल न करें

अगर बालों में डैंड्रफ है तो नींबू का इस्तेमाल फायदेमंद होता है लेकिन अगर आप मेहंदी के पेस्ट में नींबू का रस मिला लें तो इससे बाल पर इसका असर कम हो सकता है। यही नहीं, बाल और भी ड्राई हो सकते हैं।

---

## बच्चों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने चुनें उनकी पसंदीदा एक्टिविटी

बच्चों के स्कूल की गर्मियों की छुट्टी शुरू होने वाली है। पूरे दिन घर पर रहने के कारण बच्चों का स्क्रीन टाइम बढ़ जाता है। मोबाइल फोन और टीवी के सामने ज्यादा समय बिताने से आंखों के स्वास्थ्य के अलावा चाइल्ड साइकोलॉजी पर भी बुरा प्रभाव पड़ता सकता है। ज्यादा समय तक टीवी के सामने बैठे रहने से बच्चों के लिए जरूरी फिजिकल एक्टिविटी भी बाधित होती है। ऐसे में गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए आप उन्हें डांस, म्यूजिक और पेंटिंग जैसे पसंदीदा एक्टिविटी में डाल सकते हैं।

**डांस** : डांस करना लगभग हर बच्चे को पसंद होता है। अगर आपके बच्चे को भी झूमना पसंद है तो इस बार गर्मी की छुट्टियों में आप उसे किसी डांस क्लास में डाल सकते हैं। आज कल डांस सिर्फ एक पैशन ही नहीं बल्कि प्रोफेशन भी है। बच्चे को अगर डांस में इंटरेस्ट है तो किसी अच्छी डांस एकेडमी में जरूर डालें, इससे शरीर की भी अच्छी कसरत हो जाती है।



**म्यूजिक** : अगर आपके बच्चे को गाना गाने या किसी म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट में दिलचस्पी है तो आप उसे छुट्टियों के दौरान प्रैक्टिस करवा सकती हैं। आप बच्चे को गिटार, तबला या बांसुरी जैसे किसी भी अन्य म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट सीखने के लिए क्लास में भी डाल सकती हैं।

### पेंटिंग

बच्चों को पेंटिंग और ड्रॉइंग भी खूब पसंद होता है। छुट्टी के दौरान बच्चा पूरे समय टीवी और मोबाइल में न लगा रहे इसीलिए आप उन्हें नए कलर्स और ड्राइंग बुक लाकर दें। पेंटिंग और ड्रॉइंग जैसे क्रिएटिव एक्टिविटी में शामिल होने से बच्चों का संपूर्ण विकास होगा।

### स्विमिंग

गर्मी के समय में स्विमिंग से बेहतर कोई बच्चों के लिए कोई और फन एक्टिविटी नहीं हो सकती है। गर्मी से राहत मिलने के साथ-साथ स्विमिंग से उनकी कसरत भी हो जाएगी। इसके अलावा बच्चा सेल्फ डिफेंस के गुड़ भी सीख जाएगा।

---

कार्नर न्यूज

#### मिट्टी में मौजूद कुछ तत्व तंत्रिका तंत्र को शांत करने में मदद करते हैं

# एसिडिटी दूर भगा देता है मिट्टी के घड़े का पानी मिलेंगे बड़े फायदे, फ्रिज के पानी को कह देंगे बाय

गर्मी के दिनों में बहुत से लोगों की शिकायत रहती है कि फ्रिज का पानी पीने के बावजूद प्यास नहीं बुझती है। वहीं दूसरी ओर, मिट्टी के घड़े का पानी पीते ही शरीर में एक अलग ही ठंडक घुल जाती है और प्यास पूरी तरह से बुझी महसूस होती है। गर्मी की शुरुआत होते ही लोगों को मिट्टी के घड़े याद आने लगते हैं। मिट्टी के घड़े का पानी न सिर्फ प्यास को पूरी तरह से बुझा देता है, बल्कि इसे पीने से शरीर को कई सेहत लाभ भी मिलते हैं। गर्मी के दिनों में फ्रिज के पानी के बजाय मिट्टी के घड़े का पानी पीना चाहिए। मिट्टी के घड़े का पानी लंबे वक्त तक प्यास बुझाने के साथ शरीर को बड़े फायदे भी देता है।



### नेचुलर कूलिंग, मिनरल से भरपूर

मिट्टी के घड़े में पानी प्राकृतिक रूप से ठंडा रहता है, भले ही आप इसे फ्रिज में न रखें। मिट्टी की दीवारें गर्मी को धीरे-धीरे अवशोषित करती हैं, जिससे पानी ठंडा रहता है।

**मिनरल से भरपूर:** मिट्टी के घड़े में रखने से पानी में कई आवश्यक खनिज जैसे कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटेशियम और सोडियम घुल जाते हैं। ये खनिज शरीर के लिए महत्वपूर्ण होते हैं और कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं।

### एसिडिटी से राहत, पाचन में सुधार

मिट्टी के घड़े का पानी एसिडिटी से राहत दिलाने में मदद करता है। मिट्टी की क्षारीय प्रकृति पेट में अम्ल को बेअसर करने में मदद करती है, जिससे अपच और heartburn जैसी समस्याएं कम होती हैं।
पाचन क्रिया में सुधारः मिट्टी के घड़े का पानी पीने से पाचन क्रिया में सुधार होता है। मिट्टी में मौजूद कुछ तत्व पाचन एंजाइमों को सक्रिय करने में मदद करते हैं, जिससे भोजन का बेहतर टूटना और पोषक तत्वों का अवशोषण होता है।



### त्वचा के लिए फायदेमंद

मिट्टी के घड़े का पानी त्वचा के लिए फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद खनिज त्वचा को हाइड्रेटेड और पोषित रखने में मदद करते हैं। मिट्टी के घड़े का पानी बालों के लिए भी फायदेमंद होता है। यह बालों को मजबूत और चमकदार बनाने में मदद करता है।

### तनाव कर रोग बढ़ाता है प्रतिरोधक क्षमता

मिट्टी के घड़े का पानी पीने से तनाव कम होता है। मिट्टी में मौजूद कुछ तत्व तंत्रिका तंत्र को शांत करने में मदद करते हैं, जिससे तनाव और चिंता कम होती है। मिट्टी के घड़े का पानी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है। इसमें मौजूद खनिज और तत्व शरीर को संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं।

**वजन घटाने में सहायकः** मिट्टी के घड़े का पानी वजन घटाने में सहायक हो सकता है। यह शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है और चयापचय को बढ़ावा देता है, जिससे वजन कम करने में मदद मिल सकती है।

## फिल्म इवेंट

### बॉलीवुड

## डेब्यू फिल्म से बनी स्टार, 1 गलती से कॅरियर बर्बाद, अब डांस सिखाकर कर रहीं गुजारा



मुंबई। साल 1991 में सलमान खान की सुपरहिट फिल्म सनम बेवफा में नजर आ चुकीं वो खूबसूरत एक्ट्रेस नवोदिता शर्मा ने अपना स्क्रीन नेम को ही अपनी रियल नेम बना लिया था। पहली ही फिल्म से उन्हें ऐसी सफलता मिली जो सबके नसीब में नहीं होती लेकिन इस फिल्म के बाद दोबारा वह इस तरह कामयाबी नहीं पा सकीं। फिलहाल वे अमेरिका के ऑरलैंडो में डांस सिखाकर गुजारा कर रही हैं। हम बात कर रहे हैं, दिल्ली की रहने वाली नवोदिता शर्मा जिन्होंने सलमान खान की फिल्म से डेब्यू किया था। 33 साल पहले अपना नाम चांदनी रख लिया। पढ़ाई के दौरान उन्हें एक ऐड के जरिए मालूम हुआ कि डायरेक्टर सावन कुमार जब अपनी नई फिल्म के लिए हीरोइन ढूंढ रहे हैं, यहीं से इनकी किस्मत चमकी थी। चांदनी उर्फ नवोदिता खूबसूरत एक्ट्रेस हैं जिन्हें एक विज्ञापन के जरिए इस फिल्म में काम मिला था। बहुत कम समय ये एक्टिंग की दुनिया में रही और फिर अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गईं। अपनी इस डेब्यू फिल्म के बाद लगभग 5 साल के अपने एक्टिंग करियर में चांदनी ने करीब 10 फिल्मों में काम किया लेकिन डेब्यू जैसा स्टारडम उन्हें दोबारा नहीं मिला।

### टॉलीवुड


## 'पुष्पा 2' से पहले रिलीज हो रही गैंग ऑफ गोदावरी, भूल जाएंगे अल्लु की फिल्म



मुंबई। पिछले कई बरसों से साउथ सिनेमा बॉलीवुड से बेहतरीन और दमदार कंटेंट दे रहा है। गैंगस्टर ड्रामा में 'केजीएफ', 'पुष्पा' और 'सालार' जैसी फिल्में ब्लॉकबस्टर साबित हुई हैं। 'पुष्पा 2' अल्लु अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर यह फिल्म अगस्त में रिलीज होगी।इन सबके बीच, 'पुष्पा' जैसी या उससे बड़ी गैंगस्टर फिल्म का ट्रेलर का लॉन्च हो चुका है। इस फिल्म की तुलना अल्लु अर्जुन की 'पुष्पा' से हो रही है. यह एक गैंगस्टर ड्रामा है। फिल्म का नाम 'गैंग ऑफ गोदावरी' है। फिल्म का ट्रेलर देखकर आपको 'पुष्पा' के कई सींस याद आ जाएंगे। फिल्म की कहानी एक गांव के लड़के के गैंगस्टर जर्नी को दिखाया गया है। वह पुलिस और नेताओं से पंगा लेता है। 'गैंग ऑफ गोदावरी' में श्रीवल्ली-पुष्पा की तरह रोमांटिक जोड़ी देखने को मिल रही है। फिल्म में विश्वाक सेन ने लीड रोल निभाया है। फिल्म पहले 17 मई को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह 31 मई को रिलीज होगी। फिल्म में विश्वाक सेन के अलावा, अंजलि, राव रमेश, नेहा शेट्टी, साई कुमार, गोपराजू रमाना और 'बिग बॉस 17' वाली आयशा खान समेत कई प्रतिभाशाली कलाकार हैं। विश्वाक सेन की पिछली फिल्म 'गामी' को बॉक्स ऑफिस पर काफी सराहा गया। इस फिल्म की सिनेमैटोग्राफी और डायरेक्शन इंटरनेशनल लेवेल के रहे। ओटीटी पर रिलीज होने के बाद इसे पहले से ज्यादा पॉपुलैरिटी मिली। यह ओटीटी प्लेटफॉर्म पर जी5 स्ट्रीम हुई है।

### भोजपुरी

## अक्षरा सिंह का नया भोजपुरी सॉन्ग 'अदा कातिलाना' रिलीज



भोजपुरी क्वीन अक्षरा सिंह न सिर्फ अपनी खूबसूरती बल्कि अपनी आवाज और एक्टिंग के दम पर फैंस के दिलों पर राज करती हैं। अक्षरा ने अब तक के करियर में कई सुपरहिट भोजपुरी गानें दिए हैं। अक्षरा ने भोजपुरी इंडस्ट्री के साथ-साथ बॉलीवुड में भी अपनी पहचान बनाई है। इसी बीच अब अक्षरा का एक नया गाना रिलीज हुआ है। इस गाने का टाइटल 'अदा कातिलाना' है। इस गाने ने रिलीज होते ही धमाल मचा दिया है। अक्षरा सिंह के नए गाने 'अदा कातिलाना' को किसी और ने नहीं, बल्कि बॉलीवुड के जाने माने कोरियोग्राफर मुदस्सर खान ने कोरियोग्राफ किया है। मुदस्सर बॉलीवुड के कई बड़े सुपरस्टार्स को कोरियोग्राफ कर चुके हैं। 'अदा कातिलाना' गाने में अक्षरा की अदाएं देखते ही बन रही है। पीले रंग की ड्रेस में एक्ट्रेस की खूबसूरती देख हर कोई दीवाना हो रहा है। अक्षरा सिंह का यह गाना टी- सीरीज हमार भोजपुरी यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। देखते ही देखते गाना तेजी से वायरल होने लगा है। अक्षरा सिंह ने अपने इस गाने 'अदा कातिलाना' को लेकर कहा कि ये गाना लोगों को झूमने पर मजबूर कर देगा। इस गाने में आपको न ही अश्लीलता है और न फूहड़पन देखने को मिलेगा। ये एक फुल एंटरटेनिंग सॉन्ग है। उम्मीद है दर्शकों को मेरा ये गाना पसंद आए। 'अदा कातिलाना' गाने के गीतकार आजाद सिंह और संगीतकार विशाल सिंह हैं। गाने के निर्देशक और कोरियोग्राफर मुदस्सर खान हैं।

### लाइफ स्टाइल

## रद्दी कपड़ों से बनाया आउटफिट

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर लाइमलाइट में बनी रहती हैं। अब एक बार फिर जेनेलिया अपने लुक को लेकर चर्चा में हैं। दरअसल, जेनेलिया हाल ही में एले सस्टेनेबिलिटी अवॉर्ड्स में पहुंची थीं। यहां उन्होंने अपने जबरदस्त स्टाइल और क्यूट स्माइल से सबका दिल जीत लिया। इवेंट के लिए जेनेलिया ने खुद को स्टाइल करने के लिए अपने पुराने कपड़ों का इस्तेमाल किया। उन्होंने अपने पुराने कपड़ों का इस्तेमाल करते हुए खास आउटफिट तैयार करवाया था जिस कारण वे काफी कॉन्फिडेंट भी लग रही थीं। खासकर एक्ट्रेस के कस्टम मेड जैकेट, स्कर्ट सेट ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया।



## घरेलू नुस्खे दूर करेंगे कोहनी का कालापन, स्किन में आएगी चमक

कोहनी और घुटने में कालापन आना बहुत से लोगों की समस्या होती है। स्किन की ये प्रॉब्लम कई कारणों से हो सकती है। अगर बॉडी की ठीक से क्लीनिंग न की जाए तो भी कोहनी और घुटनों में कालापन आने लगता है। कोहनी का कालापन कई बार लोगों के बीच शर्मिंदगी का कारण भी बन जाता है। आप अगर कोहनी का कालापन दूर करने के तरीके अपनाकर हार चुके हैं तो कुछ घरेलू नुस्खे आपको इस परेशानी से निजात दिला सकते हैं।

कोहनी और घुटने का कालापन कई वजह से हो सकता है। इसे दूर करने में कुछ घरेलू नुस्खे असरदार साबित होते हैं। इन होम रेमेडीज़ को आजमाने से कुछ दिनों में फर्क दिखाई दे सकता है। इन घरेलू नुस्खों से न सिर्फ स्किन का कालापन दूर होता है, बल्किन त्वचा पर चमक भी आती है। सिर्फ 5 रुपये के खर्च में ही इन घरेलू नुस्खों को आज़माया जा सकता है। आइए जानते हैं इन होम रेमेडीज़ के बारे में।



### बेकिंग सोडा व नारियल तेल

कोहनी व घुटनों के काले दाग को दूर करने 1 चम्मच बेकिंग सोडा में 2 चम्मच दूध या दही मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे कोहनी पर लगाकर 10-15 मिनट रखें, फिर धो लें। हफ्ते में 2-3 बार करें। नारियल तेलः रोजाना सोने से पहले कोहनी पर नारियल तेल लगाकर मालिश करें।

### नींबू-आलू-हल्दी का करें प्रयोग

आधे नींबू को काटकर, उससे कोहनी रगड़ें। 10 मिनट बाद धो लें। दिन में 2 बार करें। इसी प्रकार आलू काटकर, उससे रस निकाल लें। रस को कोहनी पर लगाकर 15 मिनट रखें, फिर धो लें। रोजाना करें। घरेलू नुस्खों में 1 चम्मच हल्दी पाउडर में 1 चम्मच शहद या दूध मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे कोहनी पर लगाकर 20 मिनट रखें, फिर धो लें। हफ्ते में 2-3 बार करें।

### इन बातों का रखें ख्याल

रोजाना सनस्क्रीन लगाएं। कठोर सतहों पर घुटने, कोहनी टेकने से बचें। नियमित रूप से स्क्रब करें। पानी भरपूर मात्रा में पिएं। अगर कालापन ज्यादा है, तो डॉक्टर से सलाह लें। इन उपायों को करने से धीरे-धीरे कोहनी का कालापन कम होगा और त्वचा मुलायम और गोरी हो जाएगी।

### फैशन

## समर कैंप व फंक्शन में जाने खूबसूरत लुक तो कैरी करें साड़ी, अनारकली सूट





इन दिनों गर्मी अपनी चरम पर है। अनेक जगह सामाजिक कार्यक्रम व समर कैंप वगैरह आयोजित हो रहे हैं। ऐसे में अगर आपको किसी फंक्शन में शामिल होना हो तो ऐसी ट्रेडिशनल ड्रेसेस ही सेलेक्ट करना चाहेंगी जो पहनने में आसान हों। साथ ही जिनमें आपको कलर और फैब्रिक की अच्छी रेंज भी मिल जाए। इन दोनों के लिहाज से किस तरह के ट्रेडिशनल ड्रेसेज़ आप सेलेक्ट कर सकती हैं, यहां हम डिटेल में बता रहे हैं। अब इनमें से अपनी पसंद की ड्रेस सेलेक्ट करिए और पाइए अट्रैक्टिव-इंप्रेसिव लुक।

**यलो कलर साड़ी :** सोबर कलर्स वाली ड्रेसेस में यलो यानि पीला रंग परफेक्ट माना जाता है। इसलिए आप चाहें तो यलो कलर की साड़ी पहन सकती हैं। आजकल यलो कलर में भी बहुत से शेड्स की ड्रेसेस मिलने लगी हैं। यलो कलर ज्यादा ब्राइट न होकर आपको सोबर और ब्यूटीफुल लुक देता है। आप चाहें तो यलो कलर की साड़ी पहनकर इन फेस्टिवल्स में स्पेशल लुक कैरी कर सकती हैं।

**ग्रीन कलर लहंगा :** अगर आपको कुछ ट्रेडिशनल पहनना है तो आप ग्रीन कलर का लहंगा भी ट्राई कर सकती हैं। आजकल ट्रेडिशनल ड्रेसेस में ग्रीन कलर काफी इन है। इसमें भी पेस्टल ग्रीन को अधिकतर महिलाएं काफी पसंद करती हैं। इस कलर के लहंगे पहनने पर आपका लुक और भी अधिक अट्रैक्टिव नजर आएगा। ग्रीन कलर लहंगों की बात करें तो इनमे प्रिंटेड लहंगे काफी पसंद किए जा रहे हैं, क्योंकि ये देखने में बेहद सुंदर लगते हैं। इनमें कॉटन फैब्रिक मिल जाएगा, जिससे आपको समर सीजन में इन्हें पहनने में कोई दिक्कत नहीं आएगी।

**रेड कलर्ड धोती सलवार-सूट :** आजकल धोती सलवार सूट का काफी ट्रेंड है। इनमें भी आप अगर लाल रंग का सलवार-सूट आउटफिट पहनते हैं तो ये और भी सुंदर नजर आते हैं। इन्हें आप कंट्रास्ट में भी पहन सकती हैं। जैसे, कुर्ता रेड कलर में और धोती ग्रीन या यलो कलर में। इस तरह के कंट्रास्ट भी इन सूट्स में काफी चलते हैं। साथ ही इनमें आप फैब्रिक अपनी पसंद का ले सकती हैं। चाहे आप कॉटन में इन्हें पहनें या फिर जॉर्जट में, इनका लुक सभी में अच्छा लगता है।

## गोल्डन लहंगे में छाईं सान्या मल्होत्रा, पार्टी लुक में छिपे हैं कई फैशन टिप्स

महिलाएं एक्ट्रेस के स्टाइल और लुक से कुछ फैशन टिप्स अपना सकती हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम पर गोल्डन कलर के लहंगे में कई तस्वीरें शेयर की हैं, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. लोग उनकी मासूम अदाओं के दीवाने हो रहे हैं। सान्या मल्होत्रा इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में गोल्डन ब्लाउज, मैचिंग लहंगा और दुपट्टे में शानदार पोज देती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने मेकअप के लिए न्यूड लिप्स, गोल्डन आईशैडो, विंग्ड आईलाइनर, हाइलाइटेड चिक्स और मैरून बिंदी को चुना।

### हेयरस्टाइल भी कुछ रही अलग ढंग की


सान्या ने अपने घुंघराले बालों का जूड़ा बनाया हुआ है। सान्या ने अपने लुक को गोल्डन एथनिक चोकर नेकलेस, मैचिंग इयररिंग्स और एक रिंग के साथ पूरा किया। एक्ट्रेस ने पोस्ट के साथ दिए कैप्शन में लिखा, 'थ्रोबैक थर्सडे।' इसके बाद, उन्होंने फुल मून फेस इमोजी ड्रॉप की। महिलाएं एक्ट्रेस के स्टाइल और लुक से कुछ फैशन टिप्स अपना सकती हैं.।



## लाइट मेकअप से दें चेहरे को नेचुरल लुक ये टिप्स अपनाएं, दिखेंगी बेहद खूबसूरत

आजकल हर किसी को लाइट मेकअप करना पसंद होता है और सिंपल मेकअप की आपके नेचुरल त्वचा में निखार लाता है। लेकिनहर किसी का मेकअप करने का तरीका बिल्कुल अलग होता है। ऐसे में आज हम आपको ब्यूटीशियन एक्सपर्ट के मेकअप टिप्स बताने जा रहे है। जिसे आप भी ट्राई कर सकती हैं। आजकल हर किसी को लाइट मेकअप करना पसंद होता है। ऐसे में हम आपको कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं। जिसे फॉलो करके आप अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं।

**फेस क्लीनिंग:** सबसे पहले फेस क्लीनिंग जरूरी है। चेहरे पर चमक लाने के लिए मेकअप करने के दो घंटे पहले एलोवेरा जैल लगा लें। इससे जब आप मेकअप करेंगी तो



आपके मेकअप पर एक अलग सी चमक नजर आएगी। इसके बाद अपना चेहरा फेस वॉश से धो लें और फिर एक अच्छे मॉयश्चराइजर को फेस पर इस्तेमाल करें। इससे आपके चेहरे की ड्राइनेस खत्म होगी और फेस स्किन को नमी मिलेगी। इस तरह आपका चेहरा मेकअप के लिए तैयार हो जाएगा।

**प्राइमर:** किसी भी प्रकार का मेकअप करने से पहले जरूरी होता है कि मॉयश्चराइजेशन के बाद प्राइमर लगाएं, जिससे चेहरे की त्वचा एक सार नजर आती है। इस तरह आपका बेस तैयार हो जाएगा। ऐसा करने से आपका मेकअप ज्यादा देर तक टिका रहेगा। प्राइमर लगाने का एक और फायदा होता है कि इससे चेहरे पर पड़े दाग-धब्बे नजर नहीं आते हैं।

**फाउंडेशन:** जब आप प्राइमर को पूरे चेहरे पर लगा लेती हैं तो उसके बाद नंबर आता है फाउंडेशन लगाने का। फाउंडेशन को सही तरीके से लगाना जरूरी है, नहीं तो जगह-जगह पर पैच नजर आने लगता है। इसके लिए आप फाउंडेशन में कोई फेस क्रीम मिला लें, जिससे फाउंडेशन पूरे चेहरे पर अच्छी तरह से मिक्स होकर लग जाएगा।

### कार्नर न्यूज

## सस्ती हाई हील्स खड़ी कर सकी हैं परेशानियां

## हाईहील्स खरीदें तो अच्छी ब्रांड की, पैरों में नहीं होगी तकलीफ, दिखेंगी कॉन्फिडेंट

अगर आप फैशन पसंद करती हैं और तरह तरह के फुटवेयर का शौक भी रखती हैं तो आपके वार्डरोब में भी हाई हील्स जरूर होगा. ये दिखने में क्लासी होते हैं और आपके लुक्स को मिनटों में ग्लैमरस बनाने का काम करते हैं। हालांकि हील्स की शौकीन लड़कियों के मन में यह सवाल हमेशा रहता है कि क्या ऐसा कोई तरीका है जिससे हील्स पहनने में कंफर्टेबल हो और दर्द से बचा जा सके? तो इसका जवाब है हां। हम आज आपके लिए कुछ ऐसे सिंपल लेकिन अमेजिंग ट्रिक्स लेकर आए हैं जिसकी मदद से आप घंटों हील्स पहनकर घूम सकती हैं और वो भी बिना परेशान हुए।



### हाई हील्स पहनते वक्त रखें इन बातों का ख्याल

हमेशा अपने साइज के ही जूते खरीदें। अगर आपको अधिक देर तक हील्स पहनना पसंद है तो बेहतर होगा कि एक नंबर साइज बड़ा शूज लें। इस तरह ये आपको काटेंगे नहीं और आप इनमें कुशन डालकर इन्हें कंफर्टेबल बना पाएंगी। जब भी हील्स खरीदें अच्छी ब्रांड के ही खरीदें। अगर आप पैसे बचाने के चक्कर में सस्ती हील्स लेंगी तो ये आपकी स्किन पर रैश बना सकते हैं और पैर की स्किन पर घाव हो सकता है। अगर आप नई हील्स ली हैं तो इसे घर पर कुछ घंटे पहनकर जरूर रहें। अगर आप इन्हें अधिक कंफर्टेबल बनाना चाहती हैं तो मोजे के साथ इसे पहनें और दो दिन तक इसे घर पर पहनकर खूब चलें। इस तरह ये कंफर्टेबल हो जाएंगे।

### इन टिप्स से भी करें परेशानियों को दूर

नए हील्स को इवेंट पर ट्राई करने से बेहतर होगा कि आप एक जापानी ट्रिक फॉलो करें। इसके लिए आप अपने पैरों को गीला कर लें और फिर गीले पैरों में कुछ घंटों के लिए हील्स पहनकर रहें। इस तरह ये ढीले हो जाएंगे।



### पेंसिल की बजाय ब्लॉक हील्स, हील्स ग्रिप्स अधिक कंफर्टेबल

अगर आप पेंसिल हील्स की बजाय ब्लॉक हील्स पहनें तो आप अधिक कंफर्टेबल महसूस करेंगी। ये हील्स कंफर्टेबल होते हैं और अंगूठों पर ज्यादा दबाव नहीं बनता है। आप बाजार से हील ग्रिप्स या हील्स पैड्स खरीद सकती हैं। ये जेली के बने कुशन होते हैं जिन्हें हील्स के पीछे चिपकाया जा सकता है। आप चाहें तो कटने वाली जगहों पर पहले से ही हैंडीप्लास्ट लगाकर स्किन को गार्ड कर सकती हैं।